उज्जैन
मंगलवार
18
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-285
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 पथरी के ऑपरेशन के चार दिन बाद महिला की मौत
7 पहले दिन एशियन ओपन में भारत का दबदबा

### भिंड में नेशनल हाईवे-719 पर गोहद के छीमका गांव के पास रात करीब 1 बजे तेज रफ्तार पिकअप सामने से आ रहे ट्रक से टकराई

# सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत, गायों को बचाने में बेकाबू हुआ वाहन

ब्रह्मास्त्र ›› भिंड

भिंड में नेशनल हाईवे-719 पर गोहद के छीमका गांव के पास सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे तेज रफ्तार पिकअप सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। पिकअप में ग्वालियर क्षेत्र से धान की रोपाई का काम पूरा कर यूपी के लखीमपुर खीरी लौट रहे मजदूर सवार थे।

हादसे में पहले चार मजदूरों की मौत और 25 के घायल होने की जानकारी आई थी। अब मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। हादसे में 23 घायल हुए हैं। घटना के बाद गोहद चौराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**ग्वालियर से यूपी के लखीमपुर लौट रहे 23 मजदूर घायल**





मृतकों में पांच के शव गोहद और तीन के शव ग्वालियर में रखे गए हैं। शवों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। हादसे में ट्रक ड्राइवर भी घायल हुआ है। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार के लिए रेफर किए जाने की जानकारी है। गोहद चौराहा थाना प्रभारी रामनरेश यादव के मुताबिक, पिकअप की रफ्तार करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा होने का अनुमान है। छीमका गांव के पास हाईवे पर कुछ गायें सड़क पर बैठी थीं। अचानक सामने आए मवेशियों को बचाने के प्रयास में ड्राइवर ने पिकअप मोड़ी और सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मजदूरों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बाहर निकालने में मदद की।

#### धान रोपाई का काम कर लौट रहे थे मजदूर

थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने बताया कि पिकअप में सवार मजदूर ग्वालियर क्षेत्र में धान की रोपाई के लिए आए थे। काम पूरा होने के बाद सभी लखीमपुर खीरी स्थित अपने गांव लौट रहे थे। रात के सफर में छीमका के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

#### हाईवे पर मवेशियों से हादसे का खतरा

- शुरूआती जांच में सड़क पर बैठी गायों को बचाने की कोशिश को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। रात में तेज गति से चलने वाले वाहनों के सामने अचानक मवेशी आने से हादसे का खतरा बढ़ जाता है।
- हादसे के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

# प्रयागराज में बाढ़, घरों में 3 फीट पानी

### कारें-बाइकें डूबीं, गलियों में नावें, ओडिशा के स्कूल में 312 छात्र दो दिन से फंसे

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल/लखनऊ

यूपी के कई शहरों में लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। प्रयागराज की कॉलोनियों में 3 से 4 फीट तक पानी भरने से कारें-बाइकें डूब गई हैं। कई घरों के ग्राउंड फ्लोर डूब गए हैं। लोग पहली मंजिल पर रहने को मजबूर हैं। पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें नावों से लोगों का रेस्क्यू कर रही है।

वहीं, ओडिशा के केंद्रापाड़ा में 312 छात्र और 10 शिक्षक दो दिन से स्कूल में फंसे हैं। कुलसाही गांव के सरकारी रउ/रळ आवासीय आश्रम स्कूल का ग्राउंड फ्लोर ब्राह्मणी नदी के पानी में डूब गया है। स्कूल चारों तरफ से करीब 10 फीट पानी से घिरा है और तेज बहाव के कारण अब तक रेस्क्यू टीम वहां नहीं पहुंच सकी है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश में इस मानसून 187 लोगों की मौत हो चुकी है। 30 जून से 16 अगस्त के बीच 79 मौतें बाढ़, लैंडस्लाइड, डूबने और करंट जैसी प्राकृतिक आपदाओं में हुईं, जबकि 107 लोगों की जान सड़क हादसों में गई। राज्य में 294 लोग घायल और 31 अब भी लापता हैं।

#### एनएच-53 का लगभग 100 मीटर हिस्सा धंसा

ओडिशा के केंद्रपाड़ा में एनएच-53 का लगभग 100 मीटर हिस्सा धंस गया। यह हाईवे पारादीप पोर्ट को जाजपुर से जोड़ता है। बालासोर, भद्रक, जाजपुर, मयूरभंज और क्योंझर जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ये जिले बैतरणी, ब्राह्मणी, सालंदी, जलका और बुधबलंगा नदियों में आई बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में मानसून की घटनाओं के कारण 30 जून से 16 अगस्त के बीच मरने वालों की संख्या बढ़कर 187 हो गई है, जबकि कुल नुकसान लगभग 973 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

## झारखंड के आंदोलनकारियों का अनशन समाप्त

ब्रह्मास्त्र ›› झारखंड

झारखंड सरकार में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने छात्र नेताओं का अनशन समाप्त करवाने के बाद मीडिया से कहा, झारखंड में शुरू हुए महत्वपूर्ण छात्र आंदोलन, विशेष रूप से सुधारों से संबंधित आंदोलन के प्रति सरकार हमेशा से संवेदनशील रही है। मुख्यमंत्री आंदोलन की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं और राहुल गांधी ने भी लगातार छात्रों के हितों की वकालत की है।

## 129 दिन में 22 लोगों को फांसी की सजा, अब जज की सुरक्षा को खतरा

ब्रह्मास्त्र ›› मुजफ्फरनगर

पत्र में जज ने कहा कि प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह ने उनकी सुरक्षा में तैनात गनर कांस्टेबल रविंद्र सिंह ठकुरैला को बिना किसी कारण और बिना उनकी अनुमति के हटा दिया। केवल 129 दिनों में 9 चर्चित मामलों में 22 लोगों को फांसी की सजा सुनाने वाले अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-3 के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा जताया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर प्रतिसार निरीक्षक पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाया है। पत्र में जज ने कहा है कि प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह ने उनकी सुरक्षा में तैनात गनर कांस्टेबल रविंद्र सिंह ठकुरैला को बिना किसी कारण और बिना उनकी अनुमति के हटा दिया। रवि कुमार दिवाकर ने लिखा कि आमतौर पर जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस महानिरीक्षक जैसे अधिकारियों के गनर को उनकी सहमति के बिना नहीं बदला जाता, लेकिन न्यायिक अधिकारियों के मामले में इस प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया।

# कॉकरोच पार्टी वर्कर के पिता की मौत के मामले में आठ गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› बांकुड़ा

कॉकरोच जनता पार्टी नेता आशुतोष रांका ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के पिता की मौत बीजेपी कार्यकर्ताओं की पिटाई के बाद हुई। सीजेपी टीम ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में उनके परिवार से मुलाकात की।

हफीज के पिता मफीक पर 13 अगस्त को हमला हुआ था। दो दिन बाद उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 3 नामजद और 5 संदिग्ध हैं।

परिवार का आरोप है कि मफीक सीजेपी के स्कूल ठीक करो अभियान में शामिल थे। उन्होंने स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाया था। उसी शाम हथियारबंद लोगों ने घर में घुसकर उनकी पिटाई की।

**आशुतोष रांका का दावा- स्कूल का वीडियो बनाने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पीटा था**

#### रांका बोले- धमकी मिलने के बावजूद पुलिस ने एक्शन नहीं लिया

रांका ने आरोप लगाया कि हफीज के परिवार को धमकी मिलने के बावजूद बंगाल पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हाफिज 18 जुलाई को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर गया था। वहां से लौटने के बाद वह सीजेपी के स्कूल ठीक करो अभियान से जुड़ा। इसके बाद स्थानीय बीजेपी विधायक निर्मल धारा और उनके समर्थकों ने हाफिज को धमकाना शुरू कर दिया। बंगाल पुलिस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अब्दुल हाफिज के पिता को मामूली चोट लगी थी, जिसके लिए एक टांका लगाया गया था। पुलिस ने बताया कि 15 अगस्त की सुबह मफीक ने ब्लड प्रेशर में अचानक उतार-चढ़ाव के बाद खुद को बर्दवान मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## ट्रक और सीआरपीएफ के बंकर वाहन की टक्कर, 5 जवान घायल



ब्रह्मास्त्र ›› कुलगाम

कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड में ट्रक और सीआरपीएफ के बंकर वाहन की टक्कर हो गई। हादसे में सीआरपीएफ के 5 जवान घायल हो गए। दुर्घटना लेवडोरा इलाके में हुई, जहां टक्कर के बाद सीआरपीएफ का बंकर वाहन पलट गया। घायल जवानों को इलाज के लिए 163 बटालियन सीआरपीएफ के टक रूम, काजीगुंड ले जाया गया। अधिकारियों के मुताबिक सभी को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# माता-पिता दोनों की मृत्यु वाले विद्यार्थियों से माशिमं नहीं लेगा कोई शुल्क

### 10वीं-12वीं सहित डीएलएड परीक्षा और नामांकन शुल्क में पूरी छूट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने माता-पिता दोनों को खो चुके विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। अब ऐसे विद्यार्थियों से मंडल की ओर से आयोजित परीक्षाओं और नामांकन के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह व्यवस्था सत्र 2026-27 से पूरे प्रदेश के साथ उज्जैन जिले में भी लागू होगी। मंडल ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

माशिमं के अनुसार कई बार आर्थिक अभाव के कारण माता-पिता दोनों को खो चुके विद्यार्थी अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं। ऐसे विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए मंडल ने उन्हें शुल्क से पूरी तरह मुक्त करने का निर्णय लिया है। यह सुविधा उन विद्यार्थियों को मिलेगी, जो माता-पिता की मृत्यु के बाद किसी रिश्तेदार के आश्रय में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं अथवा शासन द्वारा संचालित या मान्यता प्राप्त अनाथालय में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसका लाभ 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा, द्वितीय बोर्ड परीक्षा, डीएलएड सहित मंडल की अन्य संबंधित परीक्षाओं तथा नामांकन के समय मिलेगा। यानी पात्र विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने और नामांकन कराने के लिए कोई राशि जमा नहीं करनी होगी। उज्जैन जिले में भी ऐसे विद्यार्थियों को इस निर्णय से आर्थिक राहत मिलेगी।

#### दोनों माता-पिता के मृत्यु प्रमाण-पत्र जरूरी

शुल्क माफी का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को नामांकन या परीक्षा फॉर्म भरते समय माता और पिता दोनों के मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे। इसके अलावा जिस रिश्तेदार, सरकारी अनाथालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था के आश्रय में विद्यार्थी रहकर पढ़ाई कर रहा है, वहां से संबंधित प्रमाण-पत्र भी देना होगा। निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर विद्यार्थी को शुल्क छूट का पात्र नहीं माना जाएगा। माशिमं ने इस वर्ष 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा का शुल्क 1200 से बढ़ाकर 1500 रुपए तथा नामांकन शुल्क 300 से बढ़ाकर 500 रुपए किया है। डीएलएड परीक्षा के लिए 7000 रुपए, द्वितीय अवसर में दो विषय के लिए 3000, चार विषय के लिए 5000 और चार से अधिक विषय के लिए 7000 रुपए शुल्क निर्धारित है।

## गुजरात पुलिस ने 1,090 साइबर अपराधों से जुड़े आरोपी को गिरफ्तार किया

**अहमदाबाद।** गुजरात सीआईडी क्राइम ने असम से 25 साल के रफीकुल आलम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी देशभर में 1,090 साइबर अपराधों और 1,071.5 करोड़ रुपये के अवैध लेनदेन से जुड़ा था। वह व्हाट्सऐप और टेलीग्राम के जरिए चीन के साइबर अपराधियों के संपर्क में था। ठगी की रकम को 1,754 बैंक खातों में ट्रांसफर करने के बाद क्रिप्टोकरेंसी के जरिए चीन भेजता था। आरोपी के मोबाइल से 23 क्रिप्टो वॉलेट मिले, जिनमें करीब 16 करोड़ रु. का लेनदेन हुआ था।

## सर्किट हाउस खाली कराने पर महुआ मोइत्रा ने ओम बिरला को दिया नोटिस

**कृष्णनगर।** कृष्णनगर से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने 16 अगस्त को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सामने विशेषाधिकार नोटिस दिया। उन्होंने नदिया के जिलाधिकारी श्रीकांत पाली, अतिरिक्त जिलाधिकारी निरपेंद्र सिंह और नाजरेथ डिप्टी कलेक्टर अनामिका बेरा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मोइत्रा का आरोप है कि 14 अगस्त की रात उन्हें नदिया सर्किट हाउस खाली करने के लिए कहा गया, जबकि वह पहले से वहां ठहरी हुई थीं।

### आतंकी शहजाद भट्टी का नेटवर्क खत्म

# 14 राज्यों से 253 लोग हिरासत में लिए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने स्वतंत्रता दिवस से पहले पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े आतंकी संगठन शहजाद भट्टी नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। एजेंसियों ने 14 राज्यों में कार्रवाई की। नेटवर्क के 200 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर उसके हमले की साजिश नाकाम करने का दावा किया है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 12 अगस्त को राज्य पुलिस बलों के साथ रियल टाइम इंटेलिजेंस शेयरिंग सिस्टम के जरिए यह जॉइंट ऑपरेशन चलाया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पर पोस्ट कर कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नेटवर्क कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था। शाह ने लिखा, मोदी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस से पहले आईएसआई के आतंकी संगठन शहजाद भट्टी नेटवर्क को नष्ट कर दिया। 200 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार कर उसके हमले की साजिश नाकाम की। भारतीय सुरक्षा बलों ने 14 राज्यों में अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई कर-के इस नेटवर्क को तोड़ दिया। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का शानदार उदाहरण है।



#### आईईडी, ग्रेनेड और पिस्तौल बरामद

अमित शाह ने बताया कि क्रकसे फंडिंग पाने वाले इस समूह से आईईडी, पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री की मार्किंग वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, जिंदा कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सीसीटीवी कैमरे बरामद हुए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार आईएसआई सिंडिकेट का कनेक्शन भारत में ग्रेनेड, आईईडी और पेट्रोल बम हमलों से है। यह नेटवर्क टारगेट किलिंग में भी शामिल रहा है। मंत्रालय ने कहा कि नेटवर्क लोकल मददगारों को पुलिस, रक्षा और धार्मिक स्थलों की रेकी करने के लिए पैसे देता था। इसके अलावा, जासूसी के लिए इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम भी कराया जाता था।

**एटीएस ने 8 लोगों की पहचान की-** महाराष्ट्र एटीएस ने पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी के सोशल मीडिया नेटवर्क के संपर्क में आए 8 संदिग्धों की पहचान की। एटीएस ने 13 और 14 अगस्त को इन सभी को पूछताछ के लिए तलब किया था और पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें छोड़ दिया था।

**80 से ज्यादा एफआईआर दर्ज-** गृह मंत्रालय के मुताबिक, शहजाद भट्टी नेटवर्क के खिलाफ अब तक 80 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। ये मामले यूएपीए, भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट, नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दर्ज किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि बरामद आईईडी, पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री की मार्किंग वाले ग्रेनेड, पिस्तौल, जिंदा कारतूस और जासूसी के लिए इस्तेमाल सीसीटीवी कैमरे इस नेटवर्क के सीधे सीमा पार संबंधों की पुष्टि करते हैं।

## टाटा इंस्टीट्यूट ने दीक्षांत समारोह का चीफ गेस्ट बदला

**मुंबई।** टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज ने दीक्षांत समारोह के चीफ गेस्ट को बदल दिया है। समारोह में पहले चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को मुख्य अतिथि बनाया गया था। अब उनकी जगह टाटा मेमोरियल अस्पताल के डायरेक्टर डॉ सीएस प्रमेश मुख्य अतिथि होंगे। इससे पहले हैदराबाद की नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के करीब 450 छात्रों ने दीक्षांत समारोह में उखकसूर्यकांत को मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध किया था। टीआईएसएस का दीक्षांत समारोह पहले 2 अगस्त को होना था, लेकिन कार्यक्रम से दो दिन पहले इसे अचानक टाल दिया गया। अब समारोह 22 अगस्त को होगा। छात्रों और अधिकारियों ने सीजेआई के दौरे पर विरोध और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी।

## भारतीय चुनाव आयुक्त ने अमेरिकी व्यवस्था पर सवाल उठाए : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को भारत की चुनाव व्यवस्था का हवाला देते हुए सेव अमेरिका एक्ट को पास कराने की अपील की है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में लिखा- इस महीने की शुरूआत में, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमारे प्रशासन से पूछा था कि अमेरिका में वैध फोटो आईडी के बिना चुनाव कैसे हो सकते हैं? ट्रम्प ने आगे कहा- हमें अब सेव अमेरिका एक्ट पास करना होगा। ट्रम्प ने अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया को और सख्त बनाने पर जोर दिया। उनका कहना है कि इससे अमेरिकी चुनावों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

## ट्रम्प का ईरान से बातचीत की डेडलाइन बढ़ाने से इनकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए तय 60 दिन की समयसीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया है। सोमवार को यह डेडलाइन खत्म हो गई। ट्रम्प ने कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है, लेकिन वह उस तरह की डील के लिए तैयार नहीं है, जिसे अमेरिका जरूरी मानता है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा, वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन वे उस तरह का समझौता नहीं करने जा रहे, जिसे मैं जरूरी मानता हूं। अमेरिका की प्रमुख मांग ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है। वहीं, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ऊर्जा के लिए जारी रखने की बात कहता रहा है। यही दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा विवाद बना हुआ है।

## ट्रम्प ने ओमान पर बमबारी की धमकी दी, कहा- ईरान मुद्दे पर बीच में न आए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को लेकर ओमान को बमबारी की धमकी दी है। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि अगर ओमान अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में बाधा बना, तो अमेरिका उस पर बमबारी करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को फोन पर हुई बातचीत में ट्रम्प ने यह धमकी दी। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि ओमान ने ऐसा क्या किया था जिसे वह रुकावट मान रहे हैं। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि अमेरिका का ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के साथ सीक्रेट बातचीत जारी है। हालांकि, आईआरजीएस ने कुछ देर बाद ही ट्रम्प के इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि अमेरिका के साथ उसकी कोई बातचीत नहीं हो रही है।

## एयरटेल पेमेंट्स बैंक की नई चेयरपर्सन होंगी शबनम सिन्हा

**नई दिल्ली।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक की नई चेयरपर्सन शबनम सिन्हा होंगी। शबनम सिन्हा 1 अक्टूबर 2026 से बैंक का यह पद संभालेंगी। वे नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन सुनील भारती मित्तल की जगह लेंगी, जो 30 सितंबर 2026 को अपना 10 साल का कार्यकाल पूरा करके बोर्ड से हट जाएंगे। शबनम सिन्हा की अध्यक्ष पद पर तीन साल के कार्यकाल के लिए नियुक्ति को बैंक के बोर्ड और भारतीय रिजर्व बैंक से मंजूरी मिल चुकी है। शबनम सिन्हा अभी एयरटेल पेमेंट्स बैंक के बोर्ड में एक इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। वे बैंक की धोखाधड़ी निगरानी से जुड़ी स्पेशल कमेटी की अध्यक्षता करती हैं। इसके अलावा वे रिस्क मैनेजमेंट और आईटी समितियों की भी सदस्य हैं।

## हमें देशभक्ति न सिखाएं मैं विधायक बना था तब शाह बच्चे थे : खड़गे

**पणजी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना था, तब अमित शाह बच्चे थे और आज हमें देशभक्ति सिखा रहे हैं। अमित शाह अक्सर सोनिया गांधी और गांधी परिवार की आलोचना करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी धर्म विरोधी हैं, क्योंकि जब मैं उत्तराखंड गया तो दो दिन बाद मंच का शुद्धिकरण किया गया। यह शुद्धिकरण रामलीला मैदान में किया गया था, जहां खड़गे ने 8 अगस्त को भाषण दिया था। उन्होंने यह बात दक्षिण गोवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा।



## खबर एक नजर...

### भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम में मध्य प्रदेश को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलने पर हर्ष

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा घोषित राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची में मध्य प्रदेश के अनेक वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर सुरेंद्र सांखला ने हर्ष व्यक्त किया है।

सुरेंद्र सांखला ने कहा कि राष्ट्रीय टीम में प्रदेश से गजेंद्र पटेल को राष्ट्रीय महासचिव, लाल सिंह आर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कविता पाटीदार को राष्ट्रीय सचिव, बंशीलाल गुर्जर को राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा, वी.डी. शर्मा को राष्ट्रीय प्रभारी एवं सौदान सिंह को राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री का दायित्व सौंपा जाना सराहनीय है। इससे स्पष्ट है कि पार्टी नेतृत्व ने क्षेत्रीय एवं जातीय समीकरण के साथ-साथ प्रत्येक वर्ग को उचित हिस्सेदारी दी है।

सुरेंद्र सांखला ने समस्त नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। सुरेंद्र सांखला को विश्वास है कि मध्य प्रदेश के ये सभी नेता पार्टी संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

### कोलकाता में गूंजा उज्जैन के 'चौकीदार' का संदेश

**उज्जैन।** यथार्थ संस्कृति एवं सामाजिक संस्था उज्जैन के चर्चित नाटक 'चौकीदार' का सातवां मंचन पश्चिम बंगाल के उत्तरपाड़ा, कोलकाता में 'समताता नाट्य समारोह' में किया गया। समताता सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में उज्जैन के कलाकारों ने अपने सशक्त कथानक और जीवंत अभिनय से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। संस्था के सचिव एवं नाटक के निर्देशक प्रकाश देशमुख ने बताया कि प्रसिद्ध रचनाकार अशोक भौमिक की कहानी पर आधारित यह नाटक आजाद हिंद फौज के एक ऐसे गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी की कहानी है, जिसे आजादी के बाद परिस्थितिवश जीवन-यापन के लिए चौकीदार की नौकरी करनी पड़ती है। नाटक के माध्यम से उन गुमनाम सेनानियों की पीड़ा, संघर्ष और विडंबना को मंच पर उतारा गया, जिन्हें आजादी के बाद उनका वाजिब सम्मान और पहचान नहीं मिल सकी। उत्तरपाड़ा के पूर्व सांसद सांताश्री चटर्जी ने नाटक के निर्देशक प्रकाश देशमुख का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। मालवा अंचल से निकलकर इस नाटक का राष्ट्रीय स्तर पर मंचन उज्जैन की रंगमंचीय परंपरा को नई पहचान दिला रहा है।

### सरहदों पर तैनात वीर जवानों के लिए डाक विभाग का 'एक राखी जवानों के नाम' अभियान

**उज्जैन।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारतीय डाक विभाग, मालवा संभाग ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के सम्मान में 'एक राखी, जवानों के नाम' विशेष अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों, विशेषकर छात्राओं के माध्यम से वीर सैनिकों के प्रति स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता का संदेश सरहदों तक पहुंचाना है। प्रवर अधीक्षक डाकघर (मालवा संभाग) अजय के निर्देशन में शुरू किए गए इस अभियान के तहत डाकघर के कर्मचारी शहर के विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों से संपर्क कर रहे हैं। अभियान में विद्यालयों की छात्राएं फौजी भाइयों के लिए अपने हाथों से स्नेहपूर्ण पत्र लिख रही हैं और उसके साथ एक राखी विद्यालय में जमा कर रही हैं। इन सभी एकत्रित राखियों और पत्रों की 18 अगस्त 2026 को विशेष डाक बुकिंग की जाएगी। इसके पश्चात इन्हें देश की सीमाओं पर दिन-रात सुरक्षा में तैनात वीर जवानों तक पहुंचाया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**उज्जैन।** शहर के ज्ञान वर्षा इंटरनेशनल स्कूल परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व सरस्वती पूजन और ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया और भारत माता की जय के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे और विशेष अतिथि के रूप में भारतीय वायुसेना के कर्नल राजेंद्र जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लीला देवी पाटीदार ने की। इस अवसर पर अतिथियों का शॉल और श्रीफल से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदीप पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आजादी के संघर्ष और अमर बलिदानों की जानकारी दी, जिसके बाद सभी ने देश के शहीदों को नमन किया।

### नागिन की धुन पर थिरके व्यायाम प्रेमी, दिया 'नाग को दूध मत पिलाओ' का संदेश

**उज्जैन।** प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने वाले सांपों के संरक्षण का संदेश देने के लिए नाग पंचमी पर कोठी रोड पर भगत जी सेवा संस्थान द्वारा पांचवां 'सरीसृप रक्षा अभियान' आयोजित किया गया। 'सरीसृप बचाओ, पर्यावरण मुस्कुराओ' और 'नाग को दूध मत पिलाओ' की थीम पर हुए इस भव्य आयोजन में प्रातःकालीन व्यायाम प्रेमियों ने नाग-नागिन की विभिन्न धुनों पर थिरकते हुए व्यायाम प्रदर्शन कर सांपों को बचाने का संदेश दिया। आयोजन समिति के संयोजक मंगल बामनिया ने बताया कि नाग दूध नहीं पीते हैं और उन्हें दूध पिलाने से उनकी मृत्यु हो सकती है, इसलिए जनमानस में यह जागरूकता लाई जा रही है।

# डीए और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

## भारतीय मजदूर संघ के देशव्यापी आह्वान पर कर्मचारी संघ का प्रदर्शन, ई-अटेंडेंस सहित 30 सूत्रीय मांगों के निराकरण की उठाई आवाज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ के देशव्यापी आह्वान पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की उज्जैन जिला इकाई ने शासकीय कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने और पुरानी पेंशन लागू करने सहित 30 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग प्रमुखता से उठाई है।




कर्मचारी संघ ने अपने 30 सूत्रीय ज्ञापन में मुख्य रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता (डीए), पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना के आदेश शीघ्र जारी करने, विभिन्न संवर्गों की विसंगतियों को दूर करने और ई-अटेंडेंस की विसंगति सुधारने की मांग की है। यह ज्ञापन राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, जिला सचिव राम सिंह बनिहार, बीएमएस के जिला अध्यक्ष मनीष कारपेंटर, महामंत्री किशन सिंह शेखावत, विभाग प्रमुख सतीश शर्मा और संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडया के नेतृत्व में दिया गया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक मालवीय, राजाराम कच्छावा, कैलाश बारोड, सह सचिव नवीन पांडे, हिमांशु पंवार, हिमांशु नागर, अभिलेख त्रिपाठी, अंकुश गुप्ता, विजय परिहार, बजरंग सिंह तोमर, प्रवक्ता दिलीप मेहता, तहसील अध्यक्ष राधेश्याम सिसोदिया, केएल वर्फा, राजीव सिंह सेंगर, अनोखी लाल प्रजापत, अमृतलाल मेढ़ा, उदयभान सिंह यादव, राधा मोहन शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, ललित मालवीय, अग्रिम चौगढ़, समीर सिंह, नेत्र सहायक अशोक शर्मा, डीएस सतनामी, श्री बाथम और दिनेश मारू उपस्थित रहे।

साथ ही न्यू बहुउद्देशी स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, जिला अध्यक्ष एसपी अहिरवार, बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष महेश धनेलिया और ताजपुर ब्लॉक अध्यक्ष आरके अहिरवार सहित अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सवा ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ की सिंहस्थ की सफलता की कामना

# नागपंचमी पर मातृशक्ति ने किया अभिषेक, लिया संतों का आशीर्वाद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मक्सी रोड पवासा और शिप्रा तट स्थित हजारी हनुमान मंदिर में माधवाचार्य के सान्निध्य में सवा ग्यारह लाख चिंतामणि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का सात दिवसीय अनुष्ठान जारी है। यह आयोजन विश्व शांति, जन कल्याण, भारतवर्ष में अच्छी वर्षा, सनातन धर्म और गौ माता की रक्षा के साथ ही 2027 के नासिक कुंभ व 2028 के उज्जैन सिंहस्थ के शांतिपूर्ण संपन्न होने की कामना को लेकर किया जा रहा है। आयोजन में मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया, जहां सभी ने उनका स्वागत किया। नागपंचमी पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिवलिंग निर्माण और अभिषेक में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संतों ने भी भगवान के दर्शन कर जल चढ़ाया।

हजारी हनुमान मंदिर के महंत काशीदास त्यागी ने बताया कि 12 से 19 अगस्त तक चलने वाले इस अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह साढ़े आठ बजे से शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन राजकीय अतिथि, वैष्णव सम्राट और अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर माधवाचार्य की अध्यक्षता में हो रहा है। माधवाचार्य प्रतिदिन महाकाल दर्शन कर मंदिर परिसर में भक्तों के बीच अनुष्ठान में भाग ले रहे हैं। वे एक हजार से अधिक खालसाओं के अध्यक्ष हैं और आगामी सिंहस्थ में दिगंबर अखाड़े के खालसा तथा वैष्णव मंगलनाथ क्षेत्र की पूरी व्यवस्था व अगुवाई उन्हीं के मार्गदर्शन में होगी।



### नागपंचमी पर निकली वीर तेजाजी महाराज की यात्रा

उज्जैन। जिले के ग्राम झिरौलिया में नागपंचमी पर्व पर वीर तेजाजी महाराज और नाग देवता की भव्य चलित यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा गांव धार्मिक जयकारों से गूंज उठा। पिछले 10 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में शामिल होने के लिए झिरौलिया सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नागपंचमी की सुबह से ही वीर तेजाजी महाराज मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से दर्शन और पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, क्षेत्र की खुशहाली और अच्छी वर्षा की कामना की। दर्शन के पश्चात मंदिर परिसर से परंपरा अनुसार चलित यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा मार्ग पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और बच्चे, युवा, महिलाएं व बुजुर्ग सभी इसमें उत्साहपूर्वक शामिल हुए। ग्रामीणों ने जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत कर आयोजन में सहयोग किया। ग्रामीणों ने बताया कि वीर तेजाजी महाराज के प्रति क्षेत्र के लोगों में गहरी आस्था है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। एक दशक से लगातार निकाली जा रही यह यात्रा अब झिरौलिया की धार्मिक व सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है।

नागपंचमी पर स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रामेश्वरदास, भगवानदास और 13 अखाड़ों के संत आश्रम पधारे, जहां सभी का स्वागत सत्कार कर भोजन प्रसादी कराई गई। बाहर से आए संतों का स्वागत महंत परमेश्वरदास त्यागी ने किया। अनुष्ठान में मुख्य रूप से अयोध्या के महामंडलेश्वर सीतारामदास, बांसवाड़ा के महामंडलेश्वर हरिओमदास, पुरी के महामंडलेश्वर रामकृष्णदास, इंदौर के महामंडलेश्वर राधेराधे, नासिक के महामंडलेश्वर भक्तिचरणदास, दाहोद के महामंडलेश्वर जगदीशदास, इंदौर के महामंडलेश्वर रामगोपालदास, नैमिषारण्य के महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास भोले, नडियाद के महंत महावीरदास, जगन्नाथपुरी के महंत विश्वंभरदास, महंत रामचरणदास, महंत पूर्णचंद्रदास, हनुमान टेकरी मलाड़ के महंत रामचंद्रदास और दाऊजी मंदिर डाकोर के श्रीनिवासदास शामिल हैं। इनके साथ ही तीनों अणी अखाड़ों, रामानंदाचार्य पीठ और सभी खालसों के महंत, त्यागी और तपस्वी मौजूद हैं।

### अमर बलिदानी भास्कर पांडेय की स्मृति में परिजनों ने पूर्व सैनिक संगठन को भेंट किए 51 हजार रुपए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

80वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर अमर बलिदानी नौसैनिक भास्कर पांडेय के माता-पिता ने उनकी स्मृति में उज्जैन संभाग पूर्व सैनिक कल्याण संगठन को 51 हजार रुपए की राशि भेंट की है। बलिदानी के पिता नंदावल्लभ पांडेय और माता बीना पांडेय ने 16 अगस्त को संगठन के पदाधिकारियों को यह चेक सौंपा। संगठन सचिव रवि भदौरिया ने बताया कि नौसैनिक भास्कर पांडेय 19 जनवरी 2021 को विशाखापट्टनम में पनडुब्बी पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान पनडुब्बी पलटने से उसमें समुद्र का पानी भर गया था। अपने साथियों की जान बचाने के अदम्य साहस के दौरान वे डूबने से वीरगति को प्राप्त हो गए थे। बहादुरी के इस कार्य के लिए उन्हें वीरता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। संगठन ने उनके इस सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की है। चेक सौंपते समय संगठन के अध्यक्ष सूबेदार कमल सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मोयल, कोषाध्यक्ष अनिल तोमर और सदस्य एस.एन. श्रीवास्तव मौजूद रहे और उन्होंने परिवार के प्रति आभार व्यक्त कर चेक प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी प्रशांत निगम ने बताया कि पांडेय परिवार के इस सहयोग पर संगठन के संयुक्त सचिव सवाई सिंह शेखावत, कर्नल राजकुमार सिंह, कर्नल प्रदीप सिंह, मेजर कविता चौधरी, कर्नल जी. व्यास, कर्नल एम.एस. गुप्ता, चीफ पेटी ऑफिसर दीपेंद्र कुमार सैनी महेंद्र कुमार अमृतीया, नायक नितेश ठाकुर, सिपाही धर्मेंद्र गोठी और हवलदार लखन सिंह सहित अन्य सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

# श्रावण सोमवार पर भक्तों को फरियाली खिचड़ी और साबूदाना खीर की प्रसादी

### श्रेयानवी फाउण्डेशन ने हरिफाटक ब्रिज के समीप लगाया प्रसादी वितरण केंद्र, सुबह से शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्रावण सोमवार और नागपंचमी के पावन पर्व पर उज्जैन पहुंचे भगवान महाकाल और भगवान नागचंद्रेश्वर के भक्तों के लिए श्रेयानवी फाउण्डेशन द्वारा सेवा एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। हरिफाटक ब्रिज के समीप लगाए गए प्रसादी वितरण केंद्र पर भक्तों को फरियाली खिचड़ी और साबूदाना की खीर श्रद्धापूर्वक वितरित की गई।

श्रावण मास में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए देश के विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते है। इस बार श्रावण सोमवार के साथ नागपंचमी पर्व होने के कारण शहर में भक्तों की विशेष भीड़ रही। सुबह से ही हरिफाटक ब्रिज क्षेत्र से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा रोककर प्रेमपूर्वक प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने फरियाली खिचड़ी और साबूदाना की खीर का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसादी वितरण के दौरान मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्री नारायण यादव, युवा समाजसेवी श्री अभय यादव, एल्डरमेन श्री शैलेंद्र यादव, श्री जमना लाल यादव, श्री चंद्रशेखर यादव, रजत यादव, एलएन यादव सहित फाउंडेशन के समाजसेवी सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। आयोजन के दौरान सेवा भाव के साथ भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। श्रेयानवी फाउण्डेशन द्वारा प्रतिवर्ष प्रत्येक श्रावण सोमवार के अवसर पर भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के लिए फरियाली प्रसाद का वितरण किया जाता है। संस्था का उद्देश्य धार्मिक पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा के साथ समाज में सेवा, सहयोग और समपज्ण की भावना को बढ़ावा देना है। दूर-दराज के शहरों से आए भक्तों ने दर्शन के साथ प्रसादी ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। सुबह से शाम तक चले प्रसादी वितरण कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



### स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ने किया ध्वजारोहण,

# खेल प्रतिभाओं और वरिष्ठों का हुआ सम्मान

### विधायक महेश परमार और मुकेश भाटी ने फहराया तिरंगा, शहर एवं जिला कांग्रेस के तत्वावधान में हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार ने और छतरी चौक स्थित गोपाल मंदिर पर मुकेश भाटी ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उज्जैन का नाम रोशन करने वाली खेल हस्तियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया गया।



गोपाल मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण पंवार, मनोहर बैरागी, विधायक महेश परमार, बटुक शंकर जोशी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, सेवादल के उपाध्यक्ष अरुण रोचवानी और सेवादल जिलाध्यक्ष चैन सिंह चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उज्जैन का गौरव बढ़ाने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय रेसलर और 5 गोल्ड मेडल विजेता प्रियांशी प्रजापत, जिम्नास्टिक के ओलंपिक कोच लखन शर्मा, मलखंब नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट दृष्टि तिवारी, रेसलिंग नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट पूजा राणा और जंप प्रो नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट कबीर खान शामिल हैं।

इसके साथ ही, उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम में 74 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली रेसलर अफ्शान खान, कन्नौद मौ में आयोजित स्कूल स्टेट गेम के 62 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रेसलर मोहसिन खान और उज्जैन संभाग केसरी में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मालीपुरा वार्ड 25 निवासी सागर राजेंद्र परमार को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सेंट पॉल स्कूल की कक्षा 9वीं में 94.5 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली मेधावी छात्रा सृष्टि यादव का भी सम्मान किया गया।

शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित इस समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और नागरिकों का भी शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इनमें महिला कांग्रेस की पूर्व जिला उपाध्यक्ष व कांग्रेस सेवादल की संचालिका लीलावती शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर पहलवान, निर्भय त्रिवेदी, कांग्रेस नेत्री निर्मला मालवीय और महाराज वाड़ा कार्तिक चौक ब्लॉक के वरिष्ठ नेता समद खान शामिल हैं।

### वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम दवे डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन सारस्वत सम्मान से अलंकृत

# पद्मभूषण डॉ. सुमन की जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला एवं प्रेमचंद सृजन पीठ के संयुक्त तत्वावधान में नागपंचमी पर पद्मभूषण डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन की जयंती के अवसर पर उनकी काव्य चेतना के विविध आयामों पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्य और संपादन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ कवि श्रीराम दवे को शॉल, साहित्य, अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला भेंट कर डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन सारस्वत सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने की।

**गति, प्रगति और प्रतिरोध की कविता है डॉ. सुमन का काव्य**

अपने उद्बोधन में वरिष्ठ कवि श्रीराम दवे ने कहा कि डॉ. सुमन गति और प्रगति के कवि थे। उनके काव्य में ओज और आवेग की सशक्त अभिव्यक्ति मिलती है। वे सुनने और बुनने दोनों के कवि थे। दवे ने डॉ. सुमन के साथ की गई विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों की स्मृतियां भी साझा कीं। अध्यक्षता करते हुए प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि डॉ. सुमन की कविताएं मानवीय गरिमा, स्वाभिमान की प्रतिष्ठा के साथ जड़ता के विरुद्ध प्रतिरोध की कविता हैं। वे हार मानने के बजाय निरंतर आगे बढ़ने और संघर्ष करने का आह्वान करते हैं। उनकी विद्रोही चेतना कोरी भावुकता या निराशा की उपज नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ और परिवर्तन की जीती-जागती अभिव्यक्ति है।




प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने स्वागत भाषण देते हुए श्रोताओं को डॉ. सुमन के जीवन और व्यक्तित्व से परिचित कराया। साहित्यकार डॉ. हरीशकुमार सिंह ने कहा कि डॉ. सुमन प्रेम और सौंदर्य के मुकुटमणि थे। व्यंग्यकार डॉ. शशांक दुबे ने संस्मरण सुनाते हुए उन्हें संयम और तप की मूर्ति बताया तथा उनके प्रशासनिक गुणों की सराहना की। डॉ. सीएल शर्मा ने कहा कि डॉ. सुमन एक क्रांतिकारी कवि थे, जिनकी कविता में न्याय का निर्देश, सत्य का संदेश और कर्तव्य का आदेश मिलता है। मप्र लोक सेवा आयोग की पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. उर्मि शर्मा और प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

#### सांगीतिक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

आयोजन में डॉ. सुमन द्वारा रचित गीतों की भावपूर्ण सांगीतिक प्रस्तुति दी गई। सुंदरलाल मालवीय ने 'यह दिन बार-बार आए', संगीतकार अजय मेहता और पं. शैलेन्द्र भट्ट ने 'विश्वास बढ़ता ही गया', 'तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार' तथा 'मैं शिप्रा सा तरल सरल बहता हूं' आदि गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना सीमा देवेंद्र जोशी ने प्रस्तुत की। ख्यात कवि अशोक भाटी, मालवी कवि राजेश रावल और संगीता तल्लेरा ने सरस काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी पूजा परमार ने किया तथा आभार डॉ. सीएल शर्मा रतलाम ने माना।

# अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की सभी प्रदेश इकाइयां भंग

### बैठक में लिया गया निर्णय, सितंबर में होगा नई कार्यकारिणी का गठन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए देश के सभी प्रदेश अध्यक्षों और उनकी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय नानाखेड़ा स्थित कबीर आश्रम में आयोजित महासंघ की एक आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक संस्था के संरक्षक, संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष बापू महंत चूड़ामणि साहेब की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन सोलंकी और नारी शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत माया देवी ने बताया कि पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो चुका है। आगामी सितंबर 2026 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बापू महंत चूड़ामणि साहेब व राष्ट्रीय महासचिव एवं महासंघ के अन्य पदाधिकारियों के साथ विभिन्न प्रदेशों का दौरा करेंगे। इस प्रवास के दौरान संगठन की मजबूती के लिए नए और योग्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

#### अभिषेक नगर स्थित कबीर आश्रम में हुई बैठक

महासंघ की यह महत्वपूर्ण बैठक अभिषेक नगर, नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास स्थित कबीर आश्रम, महंत माया देवी के निवास पर आयोजित की गई थी। बैठक की शुरूआत में स्वागत भाषण एडवोकेट रामसिंह परमार ने दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी भारती ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उज्जैन
मंगलवार
18
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### नामांतरण घोटाला : 356 खातों में हेरफेर की पुष्टि, तीन की सेवा समाप्त और दो निलंबित

**इंदौर।** बिना आवेदन के संपत्ति कर खातों में नामांतरण करने और मकान मालिकों के नाम बदलने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। तीन अपर आयुक्तों की जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद तीन मस्टर/बिल कलेक्टर कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं, जबकि दो कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने वार्ड 39 के बिल कलेक्टर रियाज अंसारी और मुख्यालय राजस्व में पदस्थ संजय यादव को निलंबित किया है। जोन 13 के बिल कलेक्टर सौरभ तिवारी, मस्टर कर्मी संतोष मालवीय, जोन 20 के बिल कलेक्टर अजय सोलंकी की सेवा समाप्त कर दी है। जोन 4 के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी तरुण जोशी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आउटसोर्स कर्मचारी सागर पवार का नाम आने पर उसे ब्लैकलिस्ट करने के लिए संबंधित एजेंसी को पत्र भेजा गया है। निगम में नवंबर से अप्रैल के बीच 356 संपत्ति कर खातों में बिना विधिवत आवेदन के नामांतरण और स्वामित्व में हेरफेर की शिकायतें आई थीं। जांच समिति ने भोपाल स्थित ई-नगर पालिका पोर्टल से रिकॉर्ड और तकनीकी डेटा जुटाकर यह पता लगाया कि फजीवाड़ा किन स्तरों पर हुआ। निगमायुक्त ने उपायुक्त (राजस्व) को साइबर क्राइम शाखा में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं।

### सीएम हेल्पलाइन में औपचारिकता नहीं चलेगी, हर शिकायत का वास्तविक समाधान किया जाए

**इंदौर।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को सिर्फ बंद करने के बजाय शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान करना होगा। हर आवेदन को गंभीरता से अटैंड कर तय समय-सीमा में निराकरण करें। लापरवाही या अनावश्यक देरी मिली तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई होगी। ये निर्देश कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व मामलों के साथ रोजगारमूलक और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही कहा कि आम लोगों से जुड़े मामलों में अधिकारी खुद निगरानी करें। शिकायतकर्ता से जरूरत के अनुसार संपर्क कर उसकी समस्या समझें और समाधान के बाद ही प्रकरण बंद करें। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान सहायक श्रमायुक्त डीपी सिंह व एक अन्य कर्मचारी को लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। किसी भी शिकायत को औपचारिकता के तौर पर बंद नहीं किया जाए। लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा भी की जाए। राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण नहीं होने पर तहसीलदार अनिल पटेल को भी शोकाज नोटिस जारी करने सहित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेख दुरुस्ती जैसे मामलों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। राजस्व निरीक्षकवार लगाए जा रहे विशेष शिविरों में ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को लाभ दें।

### अतिक्रमण करने वालों के नाम से खुलेंगे संपत्ति कर खाते, उनका कब्जा वैध नहीं होगा

**इंदौर।** सरकारी व निगम की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के नाम से संपत्ति कर के खाते खोलकर टैक्स वसूलने, विज्ञापन गेंट्री लगाने, शहर के विकास, राजस्व वृद्धि सहित कई प्रस्ताव निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक मंगलवार को रखे जाएंगे। केवल कर वसूली के उद्देश्य से खाता खोलने से संबंधित व्यक्ति को संपत्ति का मालिकाना हक नहीं मिलेगा और न ही उसका कब्जा वैध माना जाएगा। इसकी सूचना रजिस्ट्रार कार्यालय को भी दी जाएगी, ताकि केवल संपत्ति कर खाते के आधार पर रजिस्ट्री न हो सके। इधर, चार दिन पहले तक 35 प्रस्ताव थे, जिन्हें बढ़ाकर अब 64 कर दिया गया है। निगम सीमा में 70 नई गेंट्री बनाने और इनके विज्ञापन अधिकार 10 साल के लिए ऑनलाइन निविदा के जरिये देने की स्वीकृति मांगी जाएगी। पहले ही शहर के कई हिस्सों में पोस्टर-बैनर और नियमों का उल्लंघन करते हुए सड़क, फुटपाथ और डिवाइडर पर यूनिपोल लगे हैं। अब नई गेंट्री के साथ इलेक्ट्रिकल पोल पर एलईडी स्क्रीन और ट्रैफिक सिग्नल को भी व्यावसायिक उपयोग में देने के प्रस्ताव लाए जा रहे हैं। इसके अलावा निजी जमीन पर यूनिपोल लगाने पर शुल्क तय करने तथा सिनेमाघरों में निगम की अनुमति के बिना प्रदर्शित विज्ञापनों का पंजीयन कर लाइसेंस फीस वसूलने के प्रस्ताव भी हैं।

### 3 देशी पिस्टल, रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार हुआ

**इंदौर।** रील बनाने के लिए बदमाशों व युवाओं को सिकलीगरों से खरीदे हथियार बेचने वाले तस्कर को तेजाजी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का कनेक्शन धामनोद-गुजरी के जंगलों में हथियार बनाने वालों से जुड़ा मिला है। आरोपी का नाम मिथलेश लश्करी (30) निवासी शांति नगर महू है। आरोपी बायपास पर रालामंडल इलाके में कुछ लोगों की डिमांड पर हथियार लेकर आया था। एडिशनल डीसीपी सुमित केरकट्?टा ने बताया पूछताछ में आरोपी मिथलेश ने कबूला कि वह सिकलीगरों से 1 पिस्टल 25 हजार में खरीदकर इंदौर में बदमाशों व रसूखदार परिवार के युवाओं को सप्लाय करने आया था। इनके लिए हथियार खरीदने वाले कुछ एजेंट भी इसके संपर्क में हैं, जो हाई प्रोफाइल घरों के युवाओं को रील बनाने के लिए हथियार उपलब्ध करवाते हैं।

---

### पसलियों से होती हुई किडनी पार कर गई सर्जरी, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में स्किल की कमी का जिक्र

# पथरी के ऑपरेशन के चार दिन बाद महिला की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में पथरी के ऑपरेशन के चार दिन बाद 25 वर्षीय पूजा सिसोदिया की मौत हो गई। जब इसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आई तो इलाज की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन के दौरान सर्जरी का रास्ता 10वीं-11वीं पसलियों के पीछे से होते हुए डायफ्राम और दाहिनी किडनी के बाहरी हिस्से तक पहुंचा था।

पोस्टमॉर्टम में डायफ्राम में करीब 0.70.6 सेंटीमीटर का आर-पार सर्जिकल घाव मिला। दाहिनी पीठ के निचले हिस्से में करीब 1.3 सेंटीमीटर लंबा सर्जिकल घाव भी मिला, जिसमें एक टांका लगा था।



पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों ने अपनी राय में लिखा- ये तथ्य सर्जिकल प्रक्रिया में इलाज करने वाले डॉक्टर की स्किल की कमी की ओर इशारा करते हैं। हालांकि, विसरा रिपोर्ट अभी आना बाकी है।

पूजा की मौत के बाद उनके आठ वर्षीय बेटे दक्ष पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। पति से तलाक के बाद पूजा ही उसकी देखभाल कर रही थीं। वह मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर चलाती थीं और बेटे की परवरिश करती थीं।

परिवार के मुताबिक, अब दक्ष दिनभर मां की तस्वीर अपने साथ रखता है। वह बार-बार मां को पुकारकर पूछता है कि मम्मी कब आएंगी। उसकी नानी उसे संभाल रही हैं। परिवार के मुताबिक, पूजा के पिता का भी करीब चार महीने पहले निधन हुआ था। दक्ष ने कहा कि उसे मम्मी की बहुत याद आती है और वह न्याय चाहता है।

#### 23 जुलाई को हुआ था ऑपरेशन, 26 को मौत

- परिजन के मुताबिक, पूजा को 22 जुलाई को दूधिया स्थित नोबल अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। 23 जुलाई को एमवाय अस्पताल के यूरोसर्जन डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने उनका ऑपरेशन किया। इसके बाद पूजा का यूरिन आना बंद हो गया। परिजन ने डॉक्टर को इसकी जानकारी दी, लेकिन उन्हें स्थिति सामान्य बताते हुए जल्द ठीक होने की बात कही गई।
- इस दौरान पूजा के हाथ-पैर पर काले रंग के घाव भी दिखाई देने लगे। हालत में सुधार नहीं होने पर 25 जुलाई को उन्हें जूनी इंदौर स्थित एवीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने यूरिन में संक्रमण की जानकारी दी। इलाज के दौरान 26 जुलाई को पूजा की मौत हो गई।

- **डॉक्टर बोले- एक किडनी पहले से कमजोर थी-** डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही से इनकार किया है। उनका कहना है कि पूजा की एक किडनी पहले से कमजोर थी और बाद में उन्हें डायलिसिस की जरूरत पड़ी।
- **सरकारी डॉक्टर की निजी सर्जरी पर भी सवाल-** मामले में सरकारी डॉक्टर की निजी प्रैक्टिस को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े सरकारी डॉक्टरों को निजी प्रैक्टिस या सर्जरी के लिए डीन की अनुमति लेना होती है। सर्जरी से मिलने वाली राशि का एक हिस्सा कॉलेज में जमा करने का भी प्रावधान है। जानकारी के मुताबिक, डॉ. श्रीवास्तव ने इस सर्जरी के लिए डीन से अनुमति नहीं ली थी। मध्य प्रदेश शासन के 1997 और 1999 के आदेशों के साथ हाई कोर्ट के 14 मई 2024 के फैसले में भी मेडिकल कॉलेज और शासकीय मेडिकल संस्थानों के डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस से जुड़े प्रतिबंधों का उल्लेख है।
- **विशेषज्ञ बोले- स्किल की कमी का मतलब स्पष्ट होना जरूरी-** जिला अस्पताल के रिटायर्ड पोस्टमॉर्टम विशेषज्ञ डॉ. भरत वाजपेयी के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टर की स्किल की कमी का उल्लेख होना लापरवाही की ओर संकेत कर सकता है। हालांकि, यह स्पष्ट होना जरूरी है कि डॉक्टर में किस तरह की स्किल की कमी पाई गई। इसके बाद ही पुलिस को आगे की कार्रवाई करनी चाहिए।

---

### बीच सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं- पीक ऑवर्स में ट्रैफिक जाम

# प्लेटफॉर्म-1 के सामने ऑटो चालकों का कब्जा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 के बाहर ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह बिगड़ चुकी है। पीक ऑवर्स में सुबह और शाम के समय स्टेशन परिसर के अंदर और बाहर लंबा जाम लग रहा है। गाड़ियों की आवाजाही बंद होने से यात्रियों को भारी लगेज उठाकर पैदल निकलना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या सुबह 9:00 से 10:30 बजे के बीच हो रही है, जब अवंतिका एक्सप्रेस और डेमू समेत 4 से 5 ट्रेनें एक साथ स्टेशन पहुंचती हैं।

जाम की मुख्य वजह स्टेशन परिसर के अंदर जीआरपी थाने के आसपास कतार से खड़े होने वाले ऑटो-रिक्शा हैं। यात्रियों और अप-डाउनर्स का आरोप है कि परिसर में आम लोगों की गाड़ियां खड़ी होने पर जीआरपी तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन रास्ते पर कब्जा जमाकर खड़े रहने वाले ऑटो चालकों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इस वजह से ट्रेन पकड़ने की जल्दी में यात्रियों को अपने वाहन पीछे छोड़कर ही आगे बढ़ना पड़ता है।



#### यात्रियों की 3 बड़ी परेशानी

1. **ट्रेन छूटने का डर** : पीक ऑवर्स में 15 से 20 मिनट तक वाहन जाम में फंसे रहते हैं, जिससे ऐन वक्त पर प्लेटफॉर्म पहुंचने वाले यात्रियों की ट्रेन छूटने की स्थिति बन जाती है।
2. **लगेज लेकर भागदौड़**: परिसर में गाड़ियां रुकने के कारण यात्रियों को भारी सामान उठाकर पैदल ही प्लेटफॉर्म की तरफ दौड़ना पड़ता है।
3. **बुजुर्गों और बच्चों को जोखिम** : बेतरतीब खड़े ऑटो और दोपहिया वाहनों के बीच पैदल चलने की जगह न बचने से बुजुर्गों और बच्चों के साथ सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी दोगुनी हो गई है।

#### एक ही गेट से एंट्री और एग्जिट बनी परेशानी

स्टेशन पर प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग गेट बने होने के बावजूद एक ही गेट से दोनों तरफ के वाहनों की आवाजाही कराई जा रही है। परिसर के भीतर लगातार लग रहे इस जाम की लिखित शिकायत यात्रियों ने रतलाम रेल मंडल के अधिकारियों तक भेजी है। यात्रियों की मांग है कि एंट्री-एग्जिट व्यवस्था को तुरंत अलग किया जाए और परिसर में अवैध रूप से खड़े रहने वाले ऑटो चालकों को हटाया जाए।

---

# इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष का 7 दिन का अल्टीमेटम

### खराब सड़के रविवार तक ठीक नहीं हुई तो कांग्रेस एक साथ करेगी चक्काजाम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

खराब और गड्ढे वाली सड़कों को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर 7 दिन में इन सड़कों को ठीक नहीं किया जाता है तो कांग्रेस इन सड़कों पर उतरेगी और चक्काजाम करेगी, ताकि कुंभकर्ण की नींद सो रहे प्रशासन को जगाएगी।

दरअसल, इंदौर शहर में कई जगह सड़कों की हालत खस्ता हो गई है। सर्विस रोड की सड़के भी खराब है। इन्हीं सड़कों की हालत को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने मैदान संभाला है। उन्होंने कहा कि इंदौर जैसे महानगर में, जिसे हम आधुनिक शहर मानते है। वहां पर सड़कों की इतनी दुर्गति होना और गड्ढों को कारण लोगों की जान जाना। इंदौर शहर पर कंलक जैसा मानता हूं। जब कोई भी ओवर ब्रिज, ब्रिज बनाता है तो ठेकेदार की जिम्मेदारी रहती है और इंजीनियर, कंसलटेंट और संबंधित जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी रहती है कि वे वहां की सर्विस लेन को दुरुस्त करके चले, लेकिन भ्रष्टाचार और भाजपा की जुगलबंदी चल रही है। उन्होंने कहा कि खासकर हम आटर इंदौर की बात करें तो वहां बहुत ज्यादा बद से बदतर स्थिति में सड़के हो चुकी है। कोई सुनने, समझने वाला नहीं है। उन्होंने अगले सात दिन की चेतावनी की है कि अगर ये सड़कें 22 तारीख तक ठीक नहीं हुई तो, इसके बाद वाले सप्ताह में कांग्रेस पार्टी जहां-जहां भी गड्ढे है, सर्विस रोड खराब है सब जगह एक साथ चक्काजाम करके कुंभकर्णी नींद में सोई हुई नगर निगम, सोई हुई सरकार, सोए हुए अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों को जगाने की कोशिश करेंगे।

---

# ट्रक ने शख्स को कुचला, टुकड़ों में बंटा सिर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार शख्स को कुचल दिया। ट्रक का पहिया सिर के ऊपर से गुजरने से भेजा बाहर आ गया। सिर के टुकड़े सड़क पर बिखर गए, जिन्हें हाथों से उठाना पड़ा। हादसा खुड़ैल के ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास हुआ। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान सिंगापुर टाउनशिप निवासी कांशीराम दोहरे (55) के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि उनके शरीर के टुकड़े करीब 20 फीट दूर तक बिखर गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सड़क पर भी खून बिखर गया।

स्थानीय लोगों ने बताया- शाम करीब 5 बजे कांशीराम दोहरे ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर से कांशीराम सड़क पर गिर गए। इसी दौरान ट्रक का पिछला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रक को रोक लिया, लेकिन ड्राइवर फरार हो गया। सूचना मिलने पर खुड़ैल पुलिस मौके पर पहुंची। संस्था से जुड़े युवक जेयू जोशी और अन्य लोगों की मदद से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, कांशीराम अपने रिश्तेदारों से मिलने गए थे। लौटते समय ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास हादसा हो गया। कांशीराम दोहरे सिलाई का काम करने के साथ गार्ड की नौकरी करते थे। कांशीराम के परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। खुड़ैल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस हादसे से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। हादसे में शामिल ट्रक को लेकर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। फिलहाल ट्रक और एक्टिवा का नंबर, चालक की पहचान, सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और हादसे की सटीक वजह सामने नहीं आई है। इन बिंदुओं पर पुलिस की जांच के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

---

### इंदौर में आरोपी ड्राइवर ने भी जान देने की कोशिश की; बच्चे ने खुद को बचाया

# पत्नी की चाकू मारकर हत्या, बेटा-बेटी को तालाब में फेंका

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

कनाड़िया में सोमवार देर रात एक व्यक्ति ने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह 13 साल की बेटी माही और 12 साल के बेटे अजय को तालाब में फेंक आया।

अजय अंधेरे में तालाब से निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहा और गांव के लोगों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पत्नी का शव बरामद कर लिया गया है और बेटी की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

कनाड़िया पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 11 से 12 बजे के बीच झालरिया गांव में हुई। गांव में रहने वाला सुनील चौहान पेशे से ड्रायवर है। उसने चरित्र शंका के चलते अपनी पत्नी अनिता की गला घोंटकर हत्या की। इसके बाद वह बच्चों को लेने घर गया और दोनों को नजदीक के तालाब में फेंक दिया। अजय ने तालाब से निकलकर अपनी जान बचाई और गांव के लोगों को जानकारी दी। रात करीब 1 बजे पुलिस सुनील के घर पहुंची, लेकिन वह वहां नहीं मिला। बाद में पुलिस ने उसे इलाके से हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने भी जान देने की कोशिश की थी।

**बेटी की तलाश के लिए पहुंची एसडीआरएफ-** पुलिस को माही की जानकारी नहीं मिली थी। अजय द्वारा बताए गए घटनास्थल के आसपास अंधेरे के कारण रात में बच्ची की तलाश नहीं हो सकी। रात करीब ढाई बजे एसडीआरईएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की। रात करीब 3 बजे माही का शव तालाब से बरामद कर लिया गया।

**घर से बाहर ले जाकर पत्नी को मार डाला-** पुलिस के मुताबिक सुनील मूल रूप से देवास के पास सतवास का रहने वाला है। वह पत्नी अनिता को घर के बाहर झाड़ियों में ले गया और उसका गला दबाया। इसके बाद उसे चाकू मारकर हत्या कर दी। फिर वह बच्चों को लेने घर गया और दोनों को तालाब में फेंक दिया। तालाब में गिरने के बाद अजय ने मरने का नाटक किया और मौका मिलते ही बाहर निकल गया। वहीं माही की तालाब में गला दबाकर हत्या कर दी गई।

**आरोपी रात में भागने की तैयारी में था-** पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी सुनील रात में भागने की तैयारी में था। पुलिस की टीम उसके घर पहुंची तो वह वहां नहीं मिला। उसे पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। तलाश के दौरान वह इलाके में घूमता मिला, जिसके बाद पुलिस ने उसे पहचानकर हिरासत में ले लिया।

---

### मानसून की रफ्तार अगस्त में सुस्त, सीजन का कोटा पूरा करने अभी 20 इंच से ज्यादा पानी जरूरी

# इंदौर में अगस्त अब तक सूखा, इस महीने 2 इंच ही बारिश हुई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में मानसून की रफ्तार अगस्त में सुस्त पड़ गई है। इस सीजन में अब तक करीब 18 इंच बारिश दर्ज की गई है। लेकिन, अगस्त के 17 दिन बीतने के बावजूद इस महीने में सिर्फ करीब 2 इंच पानी ही गिरा है। ऐसे में अब मानसून के बचे करीब 44 दिनों में 20 इंच से ज्यादा बारिश की जरूरत महसूस हो रही है।

इंदौर की सामान्य मौसमी बारिश करीब 38 इंच मानी जाती है, लेकिन इस बार शहर की जरूरत कम से कम 40 इंच बारिश की है। खास बात यह है कि अगस्त और सितंबर को इंदौर में मानसून के लिहाज से सबसे पानीदार महीने माना जाता है। सामान्य तौर पर सीजन की करीब आधी बारिश इन्हीं दो महीनों में पूरी होती है। इसके बावजूद अगस्त में अब तक बारिश का आंकड़ा उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ पाया है।



**बादल आते हैं, लेकिन तेज बारिश नहीं-** इस बार अगस्त में मौसम का पैटर्न भी कुछ अलग दिखाई दे रहा है। आसमान में बादल छा रहे हैं और कई इलाकों में रिमझिम बारिश या बूंदाबांदी हो रही है, लेकिन तेज बारिश का दौर नहीं बन पा रहा।

खास बात यह है कि इंदौर के आसपास के कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही है, जबकि शहर में बादल आने के बाद भी बारिश सीमित रह जा रही है। इससे शहर के सीजनल बारिश के आंकड़े में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो पा रही।

**अगस्त में 28 इंच बारिश का भी रिकॉर्ड-** इंदौर में अगस्त महीने में बारिश के कई बड़े रिकॉर्ड भी दर्ज हैं। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 1944 में अगस्त में करीब 28 इंच बारिश हुई थी। वहीं 24 घंटे में अगस्त की सबसे ज्यादा बारिश का रिकॉर्ड 22 अगस्त 2020 का है। उस दिन करीब 10.5 इंच पानी बरसा था।

#### 44 दिन में 21 इंच से ज्यादा बारिश की जरूरत

- मानसून सीजन के करीब 44 दिन अभी बाकी हैं। इस दौरान शहर को सामान्य बारिश का आंकड़ा पार करने के लिए 21 इंच से ज्यादा पानी चाहिए। यानी आने वाले दिनों में यदि अच्छी बारिश नहीं हुई तो बारिश का औसत आंकड़ा हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।
- अगस्त और सितंबर में होने वाली बारिश इस लिहाज से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यही दो महीने शहर के मानसूनी आंकड़े को तेजी से बढ़ाते हैं।

#### अगस्त में औसतन 10-11 इंच बारिश

इंदौर में अगस्त महीने में सामान्य तौर पर 10 से 11 इंच बारिश होती है। इस दौरान औसतन 12 से 13 दिन बारिश होती है। इस लिहाज से इस साल अगस्त के 17 दिन गुजरने के बाद भी करीब 2 इंच बारिश होना सामान्य आंकड़े से काफी कम है।

#### अब सितंबर पर भी टिकी उम्मीद

अगस्त में बारिश की कमी के बाद अब सितंबर पर भी उम्मीद टिकी है। आने वाले दिनों में यदि तेज बारिश के दौर बनते हैं तो बारिश के आंकड़े में तेजी से सुधार हो सकता है। फिलहाल मानसून के बादल शहर में दस्तक तो दे रहे हैं, लेकिन जोरदार बारिश का इंतजार बना हुआ है।

# बीरभूम के होटल में आग, 9 लोगों की मौत, शॉर्ट सर्किट से हादसा



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ पश्चिम बंगाल**

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तारापीठ मंदिर के पास एक होटल में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

बीरभूम के विदित राज भुंडेश के मुताबिक, होटल के बाहर से धुआं या आग की लपटें दिखाई नहीं दे रही थीं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने सीढ़ियों की मदद से 22 लोगों को बाहर निकाला, जबकि 11 लोगों को अस्पताल भेजा गया। मामले की जांच के लिए त्रच्छ टीम भी मौके पर पहुंचेगी। पुलिस ने होटल मालिक कल्याण पाल समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है। एक अन्य महिला ने बताया कि वो साउथ 24 परगना से रविवार दोपहर पूजा करने आई थी। उनके साथ उनकी मां और बच्चे थे। उनकी मां रूम नंबर एक में थी। अब उनकी मां और दो बच्चे नहीं मिल रहे हैं। हादसे में बची कोलकाता की महिला ने बताया- अचानक पूरी होटल में धुआं भर गया। हम सांस नहीं ले पा रहे थे और बचने का रास्ता ढूंढना मुश्किल था।

### तारापीठ मंदिर में देवी तारा की पूजा होती है

तारापीठ मंदिर पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित मां तारा का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। प्रतिमा में मां तारा की गोद में भगवान शिव को दिखाया गया है। दिन में सोने का मुखौटा लगाया जाता है, जिसे रात में हटा दिया जाता है। मंदिर के पास तारापीठ महाश्मशान है, जहां तांत्रिक साधना की परंपरा रही है। तारापीठ का संबंध प्रसिद्ध तांत्रिक साधक और मां तारा के भक्त बामाखेपा से भी है। उनकी समाधि और स्मृति मंदिर भी यहां स्थित है।

# जल विवाद- सुप्रीम कोर्ट में एक हफ्ते सुनवाई टली, कर्नाटक से पानी छोड़ने की मांग की

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कावेरी जल विवाद पर सुनवाई एक हफ्ते के लिए टाल दी। याचिका तमिलनाडु सरकार की तरफ से दायर की गई थी।

याचिका में कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के हिस्से का कावेरी पानी तुरंत छोड़ने की मांग की गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने 3 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 12 अगस्त को कहा कि मामले में तमिलनाडु सरकार और अन्य पक्षों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर 17 अगस्त को सुनवाई की जाएगी। अब अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी।




## 800 किमी लंबी कावेरी नदी पर 5 करोड़ लोग निर्भर

| | | |
|---|---|---|
| • लंबाई 800 किलोमीटर | • सहायक नदियां 21 | • राज्य 4 |
| • ड्रेनेज एरिया 81,115 वर्ग किमी | • निर्भर आबादी 5 करोड़ | |

**800 किमी लंबी कावेरी नदी** पश्चिमी घाट के ब्रह्मगिरी पर्वत से निकलती है। यह कर्नाटक के कुर्ग में आता है।

**कावेरी तमिलनाडु और केरल में बहती है।** बंगाल की खाड़ी में मिलने से पहले ये पुडुचेरी से भी गुजरती है।

कावेरी नदी के बेसिन में **कर्नाटक का 32 हजार वर्ग किमी और तमिलनाडु का 44 हजार वर्ग किमी** का इलाका आता है।

**कावेरी नदी का सोर्स बारिश का पानी है।** यह गंगा नदी जैसी नहीं हैं, जिसका सोर्स हिमालय के ग्लेशियर हैं।

**बारिश अच्छी हुई तो कावेरी नदी में जल की आवक अच्छी होती है,** सूखा पड़ा तो पानी की कमी रहती है।

तमिलनाडु सरकार की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया कि 3 अगस्त तक कर्नाटक के काबिनी, हरंगी और हेमावती डैम में कुल मिलाकर 77.537 थाउजेंड मिलियन क्यूबिक फीट पानी जमा था। सरकार ने कहा कि कर्नाटक को तमिलनाडु का तय हिस्सा अनुपात के मुताबिक जारी करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। तमिलनाडु सरकार ने अपनी याचिका में दावा किया कि कावेरी जल विनियमन समिति (उहफ्उ) की ओर से राज्य के लिए तय पानी की मात्रा और कर्नाटक की ओर से छोड़ा गया पानी, दोनों ही काफी कम हैं। 28 जुलाई को हुई कावेरी जल विनियमन समिति की बैठक में कर्नाटक को 29 जुलाई से 15 दिनों तक रोजाना 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, तमिलनाडु सरकार के मुताबिक, 29 जुलाई से 2 अगस्त के बीच बिलिगुंडुलु में पानी का प्रवाह 158 से 550 क्यूसेक के बीच ही रहा।

## कावेरी नदी के जल बंटवारे का विवाद 142 साल पुराना है

1881 में मैसूर (अब कर्नाटक) ने कावेरी नदी पर बांध बनाने का फैसला किया। इस फैसले का मद्रास प्रेसिडेंसी (अब तमिलनाडु) ने विरोध किया। इसके बाद कावेरी जल बंटवारे को लेकर दोनों के बीच 1892 में एक समझौता हुआ। समझौते के तहत कर्नाटक को 177 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी मिलना था। केरल को 5 हजार मिलियन क्यूबिक फीट के साथ ही तमिलनाडु और पुडुचेरी को 556 हजार मिलियन क्यूबिक फीट पानी मिलना था। 1881 में मैसूर रियासत और मद्रास प्रेसिडेंसी ने कावेरी जल बंटवारे को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। 1924 में दोनों के बीच 50 सालों के लिए निश्चित मात्रा में कावेरी का पानी आवंटित करने का समझौता हुआ। 1956 में तीन नए राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल का गठन हुआ। इसकी वजह से एक बार फिर से कावेरी जल समझौते में संशोधन जरूरी हो गया। 60 के दशक में कर्नाटक ने नए जलाशय बनाने का प्रस्ताव रखा। केंद्र ने योजना को खारिज कर दिया। इसके बाद बावजूद कर्नाटक ने चार जलाशय बनाए। 1924 का समझौता 1974 में खत्म हो गया। इसके बाद कावेरी फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई। इसकी फाइनल रिपोर्ट 1976 में आई जिसे सभी राज्यों ने स्वीकार कर लिया। हालांकि जब कर्नाटक ने हरंगी बांध का निर्माण शुरू किया, तो तमिलनाडु ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। दोनों राज्य एक-दूसरे को कम पानी देना चाहते थे। कर्नाटक कहता है कि वह नदी के बहाव के रास्ते में पहले पड़ता है, इसलिए पानी पर पहला हक उसका है। ऐसे में पुराने समझौते नए राज्यों के बीच लागू नहीं किए जा सकते। तमिलनाडु का कहना था कि अंग्रेजों के दौर में हुए समझौते का कर्नाटक को पालन करना चाहिए। उसे पहले जितना पानी मिलता है, मिलते रहना चाहिए। तमिलनाडु को कावेरी के पानी की ज्यादा जरूरत है।

# प्रयागराज में बाढ़, घरों में 3 फीट पानी:कारें-बाइकें डूबीं, ओडिशा के स्कूल में 312 छात्र दो दिन से फंसे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**





यूपी के कई शहरों में लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। प्रयागराज की कॉलोनियों में 3 से 4 फीट तक पानी भरने से कारें-बाइकें डूब गई हैं। कई घरों के ग्राउंड फ्लोर डूब गए हैं। लोग पहली मंजिल पर रहने को मजबूर हैं। पुलिस और ठअफ्र की टीमें नावों से लोगों का रेस्क्यू कर रही है। वहीं, ओडिशा के केंद्रापाड़ा में 312 छात्र और 10 शिक्षक दो दिन से स्कूल में फंसे हैं। कुलसाही गांव के सरकारी रउ/रळ आवासीय आश्रम स्कूल का ग्राउंड फ्लोर ब्राह्मणी नदी के पानी में डूब गया है। स्कूल चारों तरफ से करीब 10 फीट पानी से घिरा है और तेज बहाव के कारण अब तक रेस्क्यू टीम वहां नहीं पहुंच सकी है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में इस मानसून 187 लोगों की मौत हो चुकी है। 30 जून से 16 अगस्त के बीच 79 मौतें बाढ़, लैंडस्लाइड, डूबने और करंट जैसी प्राकृतिक आपदाओं में हुईं, जबकि 107 लोगों की जान सड़क हादसों में गई। राज्य में 294 लोग घायल और 31 अब भी लापता हैं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा में एनएच-53 का लगभग 100 मीटर हिस्सा धंस गया। यह हाईवे पारादीप पोर्ट को जाजपुर से जोड़ता है। बालासोर, भद्रक, जाजपुर, मयूरभंज और क्योंझर जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ये जिले बैतरणी, ब्राह्मणी, सालंदी, जलका और बुधबलंगा नदियों में आई बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में मानसून की घटनाओं के कारण 30 जून से 16 अगस्त के बीच मरने वालों की संख्या बढ़कर 187 हो गई है, जबकि कुल नुकसान लगभग 973 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

### ओडिशा में बारिश से दीवार गिरी, दादी-पोते की मौत

ओडिशा के बालासोर जिले में लगातार बारिश के बीच पड़ोसी के घर की दीवार गिरने से दादी और पोते की मौत हो गई। हादसा रविवार रात जलेश्वर ब्लॉक के कपासुड़ा गांव में हुआ। दीवार उनके एस्बेस्टस वाले घर की छत पर गिर गई, जिससे परिवार मलबे में दब गया। मृतकों की पहचान 65 साल की राधिका जेना और उनके 18 साल के पोते ज्योति प्रकाश स्वैन के रूप में हुई है। उनकी पोती स्मृतिलेखा स्वैन गंभीर रूप से घायल ह

### खड़गे बोले-मैं विधायक बना था तब अमित शाह बच्चे थे:

# उत्तराखंड में शुद्धिकरण को लेकर धर्म विरोधी बताया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना था, तब अमित शाह बच्चे थे और आज हमें देशभक्ति सिखा रहे हैं। अमित शाह अक्सर सोनिया गांधी और गांधी परिवार की आलोचना करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा धर्म विरोधी हैं, क्योंकि जब मैं उत्तराखंड गया तो दो दिन बाद मंच का शुद्धिकरण किया गया। यह शुद्धिकरण रामलीला मैदान में किया गया था, जहां खड़गे ने 8 अगस्त को भाषण दिया था। उन्होंने यह बात दक्षिण गोवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। वहीं, अमित शाह ने 16 अगस्त को कहा था कि कांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर वंदे मातरम का गान हो रहा था। बीच में ही कांग्रेस की नेत्री सोनिया जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को गान रोकने को कहा।

दिल्ली पुलिस ने राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ वंदे मातरम के अपमान से जुड़े मामले की जांच शुरू कर दी है। 16 अगस्त को क्ष्ढ एस्टेट थाने में एक वकील ने शिकायत की थी। इसमें दोनों नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि वंदे मातरम के शुरूआती हिस्से के बाद सोनिया गांधी ने कुछ इशारे किए, जिन्हें गाना जारी रखने पर आपत्ति के तौर पर देखा गया।

उधर, भाजपा ने सोनिया गांधी के खिलाफ बेंगलुरु और मंगलुरु में पुलिस शिकायत दर्ज कर वंदे मातरम के अपमान का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। बेंगलुरु में बीजेपी युवा मोर्चा ने मल्लेश्वरम और मंगलुरु में बीजेपी नेताओं ने उर्वा थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-7 दिन में फाइनल करें हवाई किराया नियम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

हवाई किराए में मनमानी बढ़ोतरी और यात्रियों से लिए जाने वाले अतिरिक्त चार्ज पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विमानन क्षेत्र के लिए नए नियमों को अंतिम रूप देने का काम तेज कर दिया गया है। सरकार ने इसके लिए तीन हफ्ते का समय मांगा, लेकिन कोर्ट ने कहा ह्यइसे सात दिन के भीतर प्रकाशित कीजिए। अगर एयरलाइंस पालन नहीं कर रही हैं तो उन्हें जमीन पर खड़ा कर दीजिए।ह्व मामले की अगली सुनवाई अब 7 सितंबर को होगी। मामला पिछले साल नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, जब किराए में बढ़ोतरी, हिडन चार्ज जैसे मामले पर एक याचिका दायर की गई थी। याचिका सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन ने पिछले साल नवंबर में दायर की थी।

### कॉकरोच पार्टी वर्कर के पिता की मौत का मामला, 8 गिरफ्तार


कॉकरोच जनता पार्टी नेता आशुतोष रांका ने दावा किया कि पार्टी कार्यकर्ता शेख अब्दुल हफीज के पिता की मौत भाजपा कार्यकताओं की पिटाई के बाद हुई। सीजेपी टीम ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में उनके परिवार से मुलाकात की। हफीज के पिता मफीक पर 13 अगस्त को हमला हुआ था। दो दिन बाद उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 3 नामजद और 5 संदिग्ध हैं। परिवार का आरोप है कि मफीक उखढ के स्कूल ठीक करो अभियान में शामिल थे। उन्होंने स्कूल की बदहाली का वीडियो बनाया था। उसी शाम हथियारबंद लोगों ने घर में घुसकर उनकी पिटाई की।

रांका ने आरोप लगाया कि हफीज के परिवार को धमकी मिलने के बावजूद बंगाल पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हाफिज 18 जुलाई को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर गया था।

वहां से लौटने के बाद वह सीजेपी के स्कूल ठीक करो अभियान से जुड़ा। इसके बाद स्थानीय बीजेपी विधायक निर्मल धारा और उनके समर्थकों ने हाफिज को धमकाना शुरू कर दिया।

# डोनाल्ड ट्रम्प का डेडलाइन बढ़ाने से इनकार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए तय 60 दिन की समयसीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया है। सोमवार को यह डेडलाइन खत्म हो गई। ट्रम्प ने कहा कि ईरान समझौता करना चाहता है, लेकिन वह उस तरह की डील के लिए तैयार नहीं है, जिसे अमेरिका जरूरी मानता है।

ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा, वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन वे उस तरह का समझौता नहीं करने जा रहे, जिसे मैं जरूरी मानता हूं। अमेरिका की प्रमुख मांग ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है। वहीं, ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ऊर्जा के लिए जारी रखने की बात कहता रहा है। यही दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा विवाद बना हुआ है।

अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को एक समझौता ज्ञापन हुआ था। इसके तहत दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए 60 दिन का समय तय किया गया था। इस अवधि में कई अहम मुद्दों पर समाधान निकालने की कोशिश की जानी थी।

लेकिन 60 दिन पूरे होने के बाद भी प्रमुख मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। होर्मुज स्ट्रेट खोलने, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और स्थायी शांति समझौते को लेकर दोनों देशों की स्थिति अलग बनी हुई है। बातचीत की अवधि बढ़ाने का विकल्प था, लेकिन कई हफ्तों से वार्ता आगे नहीं बढ़ी थी।

ईरान ने भी बातचीत की समयसीमा बढ़ाने को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि दोनों देशों के बीच वास्तव में कोई बातचीत शुरू ही नहीं हुई थी। उन्होंने कहा, हमने कोई बातचीत शुरू ही नहीं की थी और अमेरिका ने शुरूआत से ही समझ को तोड़ दिया। इसलिए 60 दिन का मुद्दा प्रासंगिक नहीं है।

ईरान का कहना है कि अमेरिका ने समझ के तहत अपनी जिम्मेदारियां पूरी नहीं कीं। इसी वजह से तेहरान 60 दिन की अवधि को बातचीत की वास्तविक समयसीमा नहीं मानता।

# ट्रम्प बोले-भारतीय चुनाव आयुक्त ने अमेरिकी व्यवस्था पर सवाल उठाए

## पूछा- भारत में हर वोटर के पास फोटो आईडी अमेरिका में इसके बिना इलेक्शन कैसे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को भारत की चुनाव व्यवस्था का हवाला देते हुए सेव अमेरिका एक्ट को पास कराने की अपील की है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में लिखा- इस महीने की शुरूआत में, भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमारे प्रशासन से पूछा था कि अमेरिका में वैध फोटो आईडी के बिना चुनाव कैसे हो सकते हैं?

ट्रम्प ने आगे कहा- हमें अब सेव अमेरिका एक्ट पास करना होगा। ट्रम्प ने अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया को और सख्त बनाने पर जोर दिया। उनका कहना है कि इससे अमेरिकी चुनावों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

सेव अमेरिका एक्ट अमेरिका में मतदाता पंजीकरण और मतदान से जुड़े नियमों को और सख्त करने वाला एक विधेयक प्रस्ताव है। इसके तहत वोटर रजिस्ट्रेशन के समय नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण और मतदान के समय फोटो आईडी दिखाना जरूरी होगा।

इस विधेयक में डाक से वोट देने की प्रक्रिया को काफी सीमित करने की बात भी कही गई है। यह विधेयक अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से पारित हो चुका है, लेकिन सीनेट में इसे अब तक मंजूरी नहीं मिली है।

इस मुद्दे पर डेमोक्रेट और रिपब्लिकन, दोनों पार्टी में मतभेद हैं। ट्रम्प लगातार सेव अमेरिका एक्ट को पास कराने पर जोर देते रहे हैं। उनका दावा है कि इससे चुनावी धोखाधड़ी पर रोक लगेगी।

### अमेरिका में सेव अमेरिका एक्ट को लेकर विवाद क्यों?

अमेरिका में वोटर आईडी को लेकर लंबे समय से राजनीतिक बहस चल रही है। इसके समर्थकों का कहना है कि फोटो कऊ और नागरिकता के दस्तावेज चुनाव की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद करेंगे। वहीं, विरोधियों का तर्क है कि अमेरिका में गैर-नागरिकों का मतदान पहले से प्रतिबंधित है और सख्त दस्तावेजी नियमों के कारण ऐसे मतदाता भी प्रभावित हो सकते हैं, जिनके पास जन्म प्रमाणपत्र या वैध पासपोर्ट जैसे दस्तावेज नहीं हैं। बाइपार्टिसन पॉलिसी सेंटर के अनुसार, अमेरिका में करीब 12% पंजीकृत मतदाताओं के पास आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले दस्तावेजी प्रमाण नहीं हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 18 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसश्श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा।।

**भावार्थ** : धर्म, यश, श्री, ज्ञान, वैराग्य और विभूति- इन छह ऐश्वर्यों के साथ ईश्वर सर्वोच्च शक्ति का नाम है।

धर्मः कल्पतरुः मणिः विषहरः रत्नं च चिन्तामणिः धर्मः कामदुधा सदा सुखकरी संजीवनी चौषधीः।
धर्मः कामघटः च कल्पलतिका विद्याकलानां खनिः प्रेम्णैनं परमेण पालय हृदा नो चेत् वृथा जीवनम्।।

**भावार्थ** : धर्म है कल्पतरु, विषैला रत्न, चिंतामणि रत्न। धर्म कामधेनु है, जो सदा सुख देने वाली और जीवन रक्षक औषधि है। धर्म काम, कल्पना, विद्या और कला का खजाना है। इसलिए तुम उस धर्म का प्रेम और आनंद से पालन करो, अन्यथा तुम्हारा जीवन व्यर्थ है।

## येन दलस्य ३५० रनस्य निशानं पारयितुं साहाय्यं कृतम

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

१८ कन्दुकयोः ३६ धावनस्य तस्य पारीयां चत्वारि षट्काः अपि अन्तर्भवन्ति स्म। एतेन संक्षिप्तेन तथापि विस्फोटकेन ठोकनेन भारतस्य कुलम् महत्त्वपूर्णतया वर्धितम्, येन दलस्य ३५० रनस्य निशानं पारयितुं साहाय्यं कृतम्। ब्रारस्य बल्लेबाजीयाः सर्वाधिकं आकर्षकः पक्षः अन्तिमः ओवरः आसीत्। सुदिरा इत्यस्य सम्मुखीभूय सः शीघ्रं प्रसवानां रेखां दीर्घतां च पठित्वा आक्रामकशूटानां श्रृङ्खलां मुक्तवान्। सः गहनमध्यविकेटं प्रति, सीधा भूमौ, ततः पुनः गहनमध्यविकेटं प्रति गहनं अतिरिक्तकवरं च प्रति षट्कं प्रहारं कृत्वा भारतीयपारीं शानदाररूपेण समाप्तवान्।

## सम्पादकीयम्

### समस्या तस्मिन् हॉलमध्ये अस्ति

एतत् प्रारम्भिकहस्तक्षेपं विना ते एव बालकाः तादृशकथाः पुनः कथयितुं वर्धन्ते, यथार्थतया केवलं हास्यं कुर्वन्ति इति विश्वासं कुर्वन्ति। अतः समस्या केवलं तस्य युवकस्य विषये एव नास्ति। समस्या तस्मिन् हॉलमध्ये अस्ति यत्र जनाः समस्या हास्यस्य एकस्य ब्राण्ड् इत्यस्य अस्ति यत् अपमानं मुष्टिरेखारूपेण परिणमयति। तथा च बृहत्तमः विषयः सामूहिकं हास्यं यत् क्रमेण एतादृशं अपमानं सामान्यं करोति। सत्यं तु एतत् यत् प्रायः स्त्रियः अपि अस्मिन् हास्ये सम्मिलिताः भवन्ति। एतत् कण्डिशनिङ्ग इति उच्यते–अथवा सरलतया वक्तुं शक्यते यत् अपमानस्य अभ्यासः भवति। यदा भवन्तः बहुवारं कथ्यन्ते यत् हास्यस्य बट् भवितुं सामान्यम् अस्ति तदा एकस्मिन् दिने भवन्तः स्वयमेव तस्य हास्यस्य भागः भवितुम् आरभन्ते। स्त्रीविरोधी हास्यं विस्मरतु; मातृभगिनीयोः अश्लीलताः एतावन्तः सामान्यीकृताः यत प्रायः युवतयः अपि तान् प्रयुञ्जते इति श्रूयते। अत एव बालकेन सह घटितस्य घटनायाः अनन्तरं एकस्याः महिलाचिकित्साछात्रायाः एकः भिडियो अपि वायरल् अभवत्। प्रनीतस्य आयोजकात् एव शो आसीत्, सा च तादृशेनैव आकस्मिकसुलभेन आक्षेपार्हं वदति स्म यत् वयं प्रायः केवलं पुरुषैः सह सङ्गतिं कुर्मः। सोशल मीडिया सत्यं प्रकटितवान् परन्तु इदानीं सर्वेषां अवश्यमेव अवगन्तव्यं यत् कालः परिवर्तितः अस्ति।

## अन्वेषणस्य अनन्तरं पुलिसैः धोखाधड़ीयाः

# आपराधिकविश्वासभङ्गस्य च प्राथमिकरूपेण प्रकरणं ज्ञातम् अस्य आधारेण मनोहरलालगुप्तस्य गृहीतत्वं

ब्रह्मास्त्र ›› इन्दौर




अन्वेषणस्य अनन्तरं पुलिसैः धोखाधड़ीयाः, आपराधिकविश्वासभङ्गस्य च प्राथमिकरूपेण प्रकरणं ज्ञातम्। अस्य आधारेण शुक्रवासरे मनोहरलालगुप्तस्य गृहीतत्वं जातम्। पुलिसस्य अनुसारं गृहीतः आरोपी मनोहरलालगुप्ता ७४ वर्षीयः अस्ति, सः भंवरकुआनस्य जानकीनगरविस्तारक्षेत्रे निवसति। सः सम्बद्धयोः कम्पनीयोः निदेशकः आसीत्, तेषां मूलकार्यक्रमैः अपि सम्बद्धः आसीत् इति पुलिस कथयति। अस्मिन् विषये अन्येषां अभियुक्तानां व्यक्तिनां भूमिकायाः अपि अन्वेषणं क्रियते। डीलरशिप-वितरक-सेवानां कृते धनसङ्ग्रहस्य प्रक्रिया कथं प्रबन्धिता, कम्पनीसम्बद्धाः अन्ये व्यक्तिः तस्मिन् काः भूमिकाः निर्वहन्ति इति निर्धारयितुं पुलिसाः प्रयतन्ते।

शिकायतकर्ता कमलेश अग्रवालः गुजरातस्य झालोडक्षेत्रस्य निवासी अस्ति। शिकायतयानुसारं गुजरातक्षेत्रे मेडिकेयरकम्पनीनां कृते विक्रेतावितरकत्वं च सुरक्षितं करिष्यति इति सः अपेक्षां कृतवान्। एतस्य आश्वासनस्य अवलम्ब्य सः प्रश्नेषु कम्पनीषु पर्याप्तं धनराशिं निक्षिप्तवान्। आरोपः अस्ति यत् निक्षेपस्य अनन्तरं प्रतिज्ञानुसारं व्यापारः न आरब्धः; न च वितरकस्य मार्जिनधनं प्रदत्तम्, न च व्यापाराय स्टॉकः उपलब्धः अभवत्। शिकायतकर्ता तेषां धनं प्राप्तुं प्रयत्नं कृतवान् तदा स्थितिः विवादरूपेण परिणता।

पुलिसस्य मते अस्मिन् प्रकरणे दस्तावेजसाक्ष्याणां विशेषं महत्त्वं दीयते। अन्वेषकाः शिकायतया एकत्रितां सटीकराशिं निर्धारयितुं बैंकविवरणेषु लेजरेषु च अभिलेखितानां लेनदेनानाम् विश्लेषणं कुर्वन्ति तथा च येषु विशिष्टलेखासु धनं स्थानान्तरितम् आसीत्। तदतिरिक्तं द्वयोः कम्पनीयोः व्यापारिकक्रियाकलापानाम्, तेषां माध्यमेन कृतानां व्यवहारानां च परीक्षणं कर्तुं शक्यते। अन्वेषणस्य प्रगतेः क्रमेण प्रकरणसम्बद्धानि अधिकानि तथ्यानि उद्घवितुं शक्नुवन्ति इति पुलिस कथयति।

अस्मिन् विषये पुलिसैः अभियुक्तः मनोहरलालगुप्तः गृहीतः, शिकायतया नामाङ्कितानां अन्येषां व्यक्तिनां भूमिकानां विषये अद्यापि अन्वेषणं प्रचलति। अपराधशाखा सम्प्रति डीलरशिप-वितरक-आच्छादनेन संगृहीतनिधिना सह सम्बद्धानां दस्तावेजानां वित्तीयव्यवहारानाञ्च परीक्षणं कुर्वती अस्ति। पुलिस सम्बद्धानां कम्पनीनां वास्तविकव्यापारसञ्चालनस्य, विक्रेतासम्बद्धानां शिकायतया प्रतिज्ञातानां विशिष्टशतार्नाम् अपि अन्वेषणं करिष्यति।

प्रकरणं गम्भीररूपेण व्यवह्रियते, यतः प्रारम्भिकपुलिसजागृत्या प्रायः 2.14 कोटिरूप्यकाणां कथितं धोखाधड़ीं ज्ञातम् अस्ति। परन्तु अन्तिम-धोखाधड़ी-राशिः अन्येषां अभियुक्तानां भूमिका च अन्वेषणस्य समाप्तेः अनन्तरं एव पुष्टिः भविष्यति। अधुना कृते अपराधशाखाना गृहीतस्य ७४ वर्षीयस्य निदेशकस्य विरुद्धं धोखाधड़ी, आपराधिकविश्वासभङ्गः च इति धाराभिः सह कार्यवाही आरब्धा अस्ति। अस्य विषये अग्रे अन्वेषणं प्रचलति।

## निजमहाविद्यालये ड्यूटीनिवासीवैद्यैः

### छात्रैः च सह विलम्बितरात्रौ विवादस्य आक्रमणस्य्

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य नेताजीसुभाषचन्द्रबोसचिकित्सामहाविद्यालये निजमहाविद्यालये ड्यूटीनिवासीवैद्यैः छात्रैः च सह विलम्बितरात्रौ विवादस्य आक्रमणस्य च अनन्तरं आक्रोशिताः वैद्याः धर्नाविरोधं कृतवन्तः। घटनायाः विरोधं कुर्वन्तः मंगलवासरे डीनकार्यालयस्य बहिः बहूनां वैद्याः एकत्रिताः अभवन्, ये सुरक्षापरिहारस्य सुदृढीकरणस्य, चिकित्सालयस्य अन्तः प्रशासनिकदुर्प्रबन्धनस्य च सुधारस्य च आग्रहं कृतवन्तः।

निवासी वैद्यः दीपक त्रिपाठी व्याख्यातवान् यत् एषा घटना प्रातः १:३० वादनस्य समीपे अभवत्। एकः रोगी कर्तव्यनिरपेक्षशल्यचिकित्सा-अस्थिरोगचिकित्सा-निवासीवैद्यानां समीपम् आनीतः, षड्-अष्ट-परिचारकैः सह, ये सर्वे मद्यस्य प्रभावे आसन् यदा वैद्याः रोगी चोटसम्बद्धाः आवश्यकाः प्रश्नाः पृष्टवन्तः तदा परिचारकाः विवादं कर्तुं आरब्धवन्तः, ततः च एकं भिडियो रिकाड् कर्तुं आरब्धवन्तः। यदा अभियुक्तः निवर्तयितुं पृष्टः तदा अभियुक्तः कार्यरतस्य वैद्यस्य कालरात्रितः गृहीत्वा थप्पड़ं मारयित्वा वक्षसि पादं पातितवान्। आरोपः अस्ति यत् घटनास्थले उपस्थितायाः एकः महिलावैद्यः अन्ये च द्वौ कनिष्ठवैद्यौ अपि दुर्व्यवहारं कृतवन्तः।

निवासी वैद्याः आरोपयन्ति यत् एषा एकान्तघटना नास्ति; गतदशदिनेषु वैद्यानाम् आक्रमणस्य तृतीयः प्रकरणः अस्ति। ते अपराधिनां विरुद्धं कठोरकार्याणि, वैद्यानां कृते सुरक्षितं कार्यवातावरणं च आग्रहयन्ति। बालरोगविभागस्य डॉ. राजेन्द्रः सुरक्षां प्राथमिकताम् अददात् इति बोधयन् यत् अतिसङ्ख्यायाः कारणेन प्रायः अराजकता विवादाः च भवन्ति। प्रतिरोगी अधिकतमं द्वौ परिचारकौ प्रवेशं दातव्यम् इति सः सूचितवान्।

## राशिफल

**मेष** : छोटे-छोटे काम निपटाने के लिए अपने तेज दिमाग का इस्तेमाल करें। नई सीख मजेदार और प्रोडक्टिव लग सकती है।

**वृषभ** : एक आसान प्लान आजमाएं, नोट्स लिखें। आज के दिन आपकी एनर्जी ज्यादा हाई रहेगी और प्रैक्टिकल है।

**मिथुन** : आज के दिन दोस्तों के साथ आइडिया शेयर करें। आज के दिन आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

**कर्क** : आज छोटे-छोटे एक्सपेरिमेंट आपकी स्किल बढ़ाने और रोज के काम आसान बनाने में मदद करते हैं।

**सिंह** : आप चीजें मैनेज कर सकते हैं। छोटे प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए तैयार रहेंगे, जिनसे जल्दी रिजल्ट और खुशी मिले।

**कन्या** : आज अच्छे कामों पर भरोसा करें, धीरे बोलें। रिलेशन छोटे-छोटे अच्छे कामों से बेहतर होते हैं।

**तुला** :आज हर कदम पर सब्र रखें और खुद के साथ नरमी से पेश आएं। पैसे के मामले में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वृश्चिक** : आज आसान प्लान से दोस्तों, परिवार के सपोर्ट और मन की शांति के साथ लगातार तरक्की करें।

**धनु** : आज दोस्ताना सवाल पूछें। आपकी लगातार देखभाल से भरोसा बनता है और खुशी के छोटे-छोटे मौके मिल सकते हैं।

**मकर** : आज कोई छोटा नोट पढ़ें और कोई नया आसान आइडिया आजमाएं, जिससे काम या खेल आसान हो जाए।

**कुंभ** : आज आपकी भावनाएं मजबूत हैं। छोटे ब्रेक लें, करीबी लोगों की बात सुनें, और वादे निभाएं।

**मीन** : आज का दिन हल्का मोमेंटम देगा। एक छोटी शॉपिंग लिस्ट बनाएं और उसी के हिसाब से आगे बढ़ें।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य ग्रहण के बाद अब रक्षाबंधन के दिन लगेगा चंद्र ग्रहण, जानें समय और भारत पर प्रभाव

सूर्य ग्रहण के कुछ ही दिनों बाद 28 अगस्त को आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। ग्रहण के दौरान चंद्रमा कुंभ राशि में स्थित रहेगा। आइए जानते हैं इस चंद्र ग्रहण का समय, दृश्यता और इससे जुड़ी जरूरी बातें।

अगस्त 2026 खगोलीय घटनाओं के लिहाज से बेहद खास माना जाता है। इस महीने सूर्य ग्रहण के बाद अब चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है। 12 अगस्त को साल का अंतिम सूर्य ग्रहण पड़ रहा है, जबकि इसके कुछ ही दिनों बाद 28 अगस्त को आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। खास बात यह है कि यह ग्रहण रक्षाबंधन और श्रावण पूर्णिमा के दिन पड़ेगा। ग्रहण के दौरान चंद्रमा कुंभ राशि में स्थित रहेगा। आइए जानते हैं इस चंद्र ग्रहण का समय, दृश्यता और इससे जुड़ी जरूरी बातें।

**कब लगेगा चंद्र ग्रहण 2026–** साल 2026 का आखिरी चंद्र ग्रहण 28 अगस्त की सुबह 8 बजकर 4 मिनट से शुरू होगा और सुबह 11 बजकर 22 मिनट तक चलेगा। यह खंडग्रास यानी आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। पंचांग के अनुसार, यह ग्रहण श्रावण शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर लगेगा, जिस दिन रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया जाएगा।



**क्या भारत में दिखेगा चंद्र ग्रहण–** 28 अगस्त का यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसकी दृश्यता मुख्य रूप से उत्तर अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका के कई हिस्सों में रहेगी। भारत में ग्रहण नजर नहीं आने के कारण यहां इससे जुड़ी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

**चंद्र ग्रहण का सूतक कब लगेगा–** आमतौर पर चंद्र ग्रहण से करीब 9 घंटे पहले सूतक काल शुरू माना जाता है। लेकिन जब ग्रहण किसी स्थान पर दिखाई ही न दे, तो वहां सूतक की धार्मिक मान्यता लागू नहीं होती। इसलिए भारत में इस चंद्र ग्रहण के दौरान पूजा-पाठ या शुभ कार्यों को लेकर ग्रहण संबंधी रोक नहीं मानी जाएगी।

**ग्रहण के दौरान क्या करें–** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण का समय मंत्र जाप और आध्यात्मिक साधना के लिए विशेष माना जाता है। भगवान का स्मरण करने के साथ चंद्र मंत्र, नवग्रह मंत्र, गायत्री मंत्र या महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जा सकता है। ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान करने और जरूरतमंदों को दान देने की भी परंपरा है। कुछ लोग ग्रहण के बाद पवित्र नदी में स्नान को भी शुभ मानते हैं।

**कैसे लगता है आंशिक चंद्र ग्रहण–** चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है। आंशिक चंद्र ग्रहण में पृथ्वी की छाया चंद्रमा के केवल एक हिस्से को ढकती है। इसी कारण चंद्रमा का कुछ भाग सामान्य रूप से दिखाई देता है, जबकि बाकी हिस्से पर अंधेरा नजर आता है। पूर्ण चंद्र ग्रहण में इसके विपरीत चंद्रमा पूरी तरह पृथ्वी की गहरी छाया में आ जाता है।

## बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप- लक्ष्य सेन और उन्नति हुड्डा सिंगल्स खेलेंगे, डबल्स में 4 जोड़ियां उतरेंगी

# पीवी सिंधु और आयुष की जीत से शुरूआत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली






बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप में आज अपने 6 मुकाबले खेलेगा। इनमें लक्ष्य सेन मेंस सिंगल्स और उन्नति हुड्डा विमेंस सिंगल्स में उतरेंगी। वहीं टीम विमेंस डबल्स में और मिक्स्ड डबल्स में 2-2 मुकाबले खेलेंगी।

भारत ने टूर्नामेंट के पहले दिन शानदार शुरूआत की है। पीवी सिंधु, आयुष शेट्टी और तीन डबल्स जोड़ियां अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले राउंड में पहुंच चुकी हैं।

**लक्ष्य सेन अपना पहला मुकाबला खेलेंगे–** लक्ष्य सेन राउंड ऑफ 64 में रोमानिया के कॉलिन्स फिलिमोन से भिड़ेंगे। टूर्नामेंट में लक्ष्य का यह पहला मुकाबला होगा। लक्ष्य अटैकिंग गेम के दम पर जीत के साथ शुरूआत करना चाहेंगे। विमेंस सिंगल्स में उन्नति हुड्डा का मुकाबला म्यांमार की थुजार थेट हार तिन से होगा। यह भी राउंड ऑफ 64 का मुकाबला है।

**रोहन कपूर-रुत्विका की जोड़ी के सामने कनाडा–** मिक्स्ड डबल्स में के राउंड ऑफ 64 में भारत की 2 जोड़ियां खेलेंगी। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे के सामने कनाडा के जोनाथन बिंग त्सान लाई और क्रिस्टल लाई होंगे। वहीं दूसरे मुकाबले में अशिथ सूर्य और अमृता प्रमुथेश का मुकाबला तुर्किये के एम्रे सोनमेज और यासेमेन बेक्तास से होगा।

**विमेंस डबल्स में भी भारत के 2 मुकाबले–** विमेंस डबल्स के दोनों मुकाबले राउंड ऑफ 32 में खेले जाएंगे। कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की जोड़ी राउंड ऑफ 32 में बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफानी स्टोएवा से भिड़ेगी। दूसरे मैच में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अमेरिका की लॉरेन लैम और एलिसन ली से खेलेगी।

**आयुष शेट्टी का पहले दिन बड़ा उलटफेर–** भारत के लिए टूर्नामेंट का पहला दिन बेहद खास रहा। आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर-1 और डिफेंडिंग चैंपियन चीन के शी यू ची को 21-14, 13-21, 21-19 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। दोनों के बीच मुकाबला 73 मिनट चला। यह आयुष का पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप है।

**सिंधु ने भी आसान जीत से शुरूआत की–** दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने पहले दिन सोफिया नोबल को 21-7, 21-11 से हराया। मुकाबला सिर्फ 29 मिनट चला। सिंधु अब कनाडा की वेन यू झांग के खिलाफ खेलेंगी। भारत के लिए डबल्स में हरिहरन अम्साकरुणन-एमआर अर्जुन, ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद और कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी की जोड़ियों ने भी जीत दर्ज कर अगले राउंड में जगह बनाई।

## हॉकी वर्ल्डकप- भारतीय महिला टीम आज साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी




विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का सामना आज साउथ अफ्रीका से होगा। टीम इंडिया ने पहले मुकाबले में मजबूत चीन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था। इस मुकाबले में जीत भारत को अगले राउंड के करीब पहुंचा देगी। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका को अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ 4-0 से हार मिली थी। पूल-ऊका यह मुकाबला शाम 6:30 बजे से वैगनर हॉकी स्टेडियम, एम्सटेलवीन में खेला जाएगा।

**भारत पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है-** भारत के ग्रुप में चीन, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड हैं। नए फॉर्मेट में हर पूल की टॉप-2 टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। भारत 1 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। वहीं साउथ अफ्रीका बिना खाता खोले अंतिम पायदान पर है। भारत अगर यह मुकाबला जीतता है, तो उसके 4 अंक हो जाएंगे। इसके साथ ही टीम का अगले राउंड में पहुंचने का दावा मजबूत हो जाएगा। हालांकि उसे आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड से कम से कम ड्रॉ खेलना होगा।

## जडेजा के टेस्ट में 350 विकेट पूरे

ब्रह्मास्त्र ›› गॉल

भारत ने गॉल टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका को 284 रन पर ऑलआउट कर पहली पारी में 178 रन की बढ़त बनाई। भारतीय स्पिनर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट में अपने 350 विकेट पूरे कर लिए हैं।

जडेजा टेस्ट में 4 हजार रन और 350 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के चौथे खिलाड़ी बने। वे ऐसा करने वाले कपिल देव के बाद सिर्फ दूसरे भारतीय हैं। वहीं मानव सुथार ने मैच की अपनी पहली ही गेंद पर दिनेश चांडीमल को आउट किया।

जडेजा टेस्ट 4,000 से ज्यादा रन बनाने और 350 से ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के केवल चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले इंग्लैंज इयान बॉथम, भारत के कपिल देव और न्यूजीलैंड के डैनियल विटोरी यह कारनामा कर चुके हैं। जडेजा के कुल 351 विकेट हो गए हैं। वे टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के तीसरे और भारत के पहले लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं। पहले स्थान पर श्रीलंका के रंगना हेराथ हैं। उनके नाम टेस्ट में 433 विकेट हैं।

## पहले दिन एशियन ओपन में भारत का दबदबा

# 3 गोल्ड-3 सिल्वर समेत 8 मेडल जीते मेडल टैली में चीन को भी पीछे छोड़ा



ब्रह्मास्त्र ›› देहरादून

देहरादून में चल रही एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2026 के पहले दिन भारत ने सबसे ज्यादा 8 मेडल जीते। इनमें 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज शामिल हैं। चीन के खिलाड़ियों ने 3 और फिलीपींस ने 1 मेडल जीता। यानी पहले दिन मेडल जीतने वाले देशों में भारत सबसे आगे रहा।

पहले दिन चार रेस के फाइनल हुए, जिनमें भारत ने तीन गोल्ड जीते। जूनियर ऋगर्ल्स 333 मीटर और जूनियर ए बॉयज 500 मीटर में भारतीय खिलाड़ियों ने तीनों मेडल अपने नाम किए। जूनियर ऋ बॉयज 333 मीटर में भी भारत को गोल्ड और सिल्वर मिला।

आज से ही शुरू हुई यह चार दिवसीय प्रतियोगिता 20 अगस्त तक चलेगी। इसमें 14 देशों के 270 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। अब अगले तीन दिनों में होने वाली रेस में भारत की नजर मेडल की संख्या और बढ़ाने पर होगी।

सीएम पुष्कर सिंह धामी के उद्घाटन के बाद सोमवार शाम 4 से 8 बजे तक हिमाद्री आइस रिंक में पहले दिन की रेस हुई। पहले दिन भारत ने 3 गोल्ड समेत कुल 8 मेडल जीते। प्रतियोगिता का पहला दिन पूरा हो चुका है।

18 अगस्त को दूसरे दिन के मुकाबले और अवॉर्ड सेरेमनी होगी। 19 अगस्त को तीसरे दिन की रेस के साथ पुरस्कार समारोह होगा। 20 अगस्त को चौथे और अंतिम दिन के मुकाबलों के बाद अवॉर्ड और क्लोजिंग सेरेमनी होगी।

## खबर एक नजर...

### मकान के पीछे से भंगार हटाने पर 2 भाईयों में विवाद

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के रामद्वारा कालोनी में रहने वाले दिनेश पिता अमृतलाल शर्मा 50 साल का बड़े भाई मिश्रीलाल पिता अमृतलाल शर्मा 60 साल से घर के पीछे रखा भंगार और अटाला हटाने की बात पर बात पर विवाद हो गया। दोनों के परिवार आमने-सामने हो गये और मामला मारपीट में बदल गया। दिनेश के साथ उसके परिवार में शामिल पुत्र श्रेयांश घायल हो गया। दूसरी ओर से मिश्रीलाला उसका पुत्र सुशील घायल हुये है। दोनों परिवार विवाद के बाद थाने पहुंचे। जहां मिश्रीलाल ने आरोप लगाया कि घर के पीछे कबाड़ और भंगार डाल दिया गया था माना करने पर छोटे भाई ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं दिनेश का कहना था कि कबाड़ और भंगार रखा होने पर बड़े भाई ने विवाद कर मारपीट की है। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज जांच में लिया है।

### तबीयत बिगड़ने के बाद राजगढ़ के युवक की मौत

**उज्जैन।** राजगढ़ का रहने वाला जीवन पित हरीसिंह चावड़ा टीबी की बीमारी से पीड़ित था। वह दवा लेने के लिये धामनोद गया था, जहां से रविवार रात बस से उज्जैन भानेज अरूण के लिये पहुंचा था, देवासगेट बस स्टेंड पर उतरने के बाद उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश हो गया, कुछ लोगों ने उसे देखा, इस दौरान एक व्यक्ति ने उसके पास मिले मोबाइल से कॉल डिटेल निकाली और ऊपर दिखाई दिये नम्बर पर कॉल कर दिया। कॉल विजय को लगा था, वह बस स्टेंड पहुंचा लेकिन उसे कॉल करने वाला नहीं मिला, जीवन बेहोश दिखाई दिया। जिसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। विजय ने बताया कि वह जीवन को पहचनता था। बस स्टेंड पहुंचने पर जीवन का मोबइल और पर्स नहीं मिला। संभवतः कॉल करने वाला मोबाइल और पर्स ले गया है। मामले की सूचना देवासगेट थाना पुलिस को मिली तो परिजनों को अवगत कराया गया। सोमवार को परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों का कहना कि राजगढ़ से टीबी की दवा लेने का बोलकर निकला था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी।

### बिरला अस्पताल के सामने कार-बुलेट में भिड़ंत

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के बिरला अस्पताल के सामने टर्निंग पर बीती शाम कार और बुलेट में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि बड़ी घटना नहीं हुई लेकिन दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। दोनों के चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाकर विवाद शुरू कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और मामला शांत कराकर दोनों वाहन चालकों को थाने लेकर आई। कार चालक कमल पिता टिकमदास केलवानी निवासी बसंत विहार ने बुलेट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। बुलेट चालक अजय प्रताप पिता गजराजसिंह पंवार निवासी रामवासा ने कार चालक पर तेजगति से चलाने का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। दोनों वाहन चालकों की गलती का पता लगाने के लिये टर्निंग पर लगे कैमरे देखे जायेगें।

### पति के लापता होने पर पत्नी ने जताई अपहरण की शंका

**उज्जैन।** दानीगेट स्थित मोड धर्मशाला के पीछे रहने वाला शिवनारायण पिता पंडरीनाथ भावसार 64 साल 12 अगस्त की दोपहर घर से निकला था वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। 4 दिनों तक कुछ पता नहीं चला तो पत्नी विजया भावसार ने महाकाल थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये पति का अपहरण होने की शंका जताई है। महाकाल थाना ने कार्तिक मेला ग्राउंड से श्रीराम पिता पन्नालाल गुप्ता 50 साल निवासी सिविल लाइन आजमगढ़ उत्तर प्रदेश के लापता होने के मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार श्रीराम गुप्ता 15 अगस्त से लापता है। वह परिचित रामधनी विश्वकर्मा 66 साल के साथ उज्जैन आये थे। जिसके बाद से लापता है।

### बदमाशों ने चाय का ठेला लगाने पर मांगा हफ्ता

**उज्जैन।** केडी गेट पर रहने वाला शाकिर उर्फ आलू पिता सलीम खान जीवाजीगंज क्षेत्र के पत्ती बाजार में चाय का ठेला लगाता है। शाम को 2 बदमाश उसके ठेले पर पहुंचे और क्षेत्र में चाय बेचने पर हफ्ता देने की बात कहने लगे। शाकिर ने हफ्ता देने से मना किया तो दोनों ने मारपीट कर सामान अस्त-व्यस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। विवाद देख आसपास के लोग एकत्रित हुये तो दोनों बदमाश भाग निकले। जीवाजीगंज पुलिस ने शाकिर की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। शाकिर का कहना था कि वह दोनों बदमाशों को चेहरे से पहचानता है, जो क्षेत्र के रहने वाले हो सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 157-3 | 689-3 |
| मेन बाजार | 123-6 | 449-7 |
| मिलन डे | 125-8 | 170-8 |
| मिलन नाइट | 378-8 | 167-4 |

3 5 9

28 अगस्त को मनेगा रक्षाबंधन : चंद्र ग्रहण भी रहेगा

# सुबह 9.48 बजे तक राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष शुक्रवार, 28 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि दो दिन रहने के कारण 27 और 28 अगस्त को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन उदयातिथि के आधार पर 28 अगस्त को ही रक्षाबंधन मनाना शुभ माना जा रहा है।

**27 अगस्त को शुरू होगी पूर्णिमा-** पंचांग के अनुसार श्रावण शुक्ल पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त की सुबह करीब 9.08 बजे शुरू होगी और 28 अगस्त की सुबह 9.48 बजे तक रहेगी। चूंकि 28 अगस्त को सूर्योदय के समय पूर्णिमा विद्यमान रहेगी, इसलिए इसी दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा।

**भद्रा को लेकर नहीं रहेगा संशय-** रक्षाबंधन पर भद्रा में राखी बांधना परंपरागत रूप से वर्जित माना जाता है। इस बार उपलब्ध पंचांग गणनाओं के अनुसार भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी, इसलिए 28 अगस्त की सुबह राखी बांधने के लिए भद्रा बाधा नहीं बनेगी।



### रक्षाबंधन पर चंद्र ग्रहण का संयोग

इस बार रक्षाबंधन के दिन एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना भी होगी। 28 अगस्त को चंद्र ग्रहण पड़ने की जानकारी सामने आई है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार भारत में ग्रहण का समय सुबह करीब 8 बजे से 9.43 बजे तक बताया गया है। इसी कारण रक्षाबंधन के शुभ मुहूर्त को लेकर विशेष चर्चा है। हालांकि ग्रहण और उसके सूतक को लेकर धार्मिक परंपराओं तथा अलग-अलग पंचांगों में मतभेद हो सकते हैं। इसलिए स्थानीय मान्यता के अनुसार निर्णय लेना उचित रहेगा। खासकर उज्जैन जैसे धार्मिक नगर में स्थानीय पंचांग और विद्वान ज्योतिषाचार्य द्वारा बताए गए समय को प्राथमिकता देना बेहतर होगा।

### इस बार सुबह ही राखी बांधने पर जोर

रक्षाबंधन की तिथि को लेकर भले ही 27 और 28 अगस्त के बीच भ्रम रहा हो, लेकिन अधिकांश पंचांग गणनाएं 28 अगस्त को पर्व मनाने पर सहमत हैं। खास बात यह है कि इस बार सुबह ही राखी बांधने का अच्छा अवसर उपलब्ध है। इसलिए परिवारों के लिए बेहतर रहेगा कि वे 28 अगस्त की सुबह 9.48 बजे से पहले राखी बांधने की तैयारी पूरी कर लें।

### सुबह 5.57 से 9.48 बजे तक राखी बांधना शुभ

- इस वर्ष राखी बांधने के लिए सुबह का समय विशेष शुभ बताया गया है। 28 अगस्त को सुबह 5.57 बजे से 9.48 बजे तक राखी बांधी जा सकेगी। इस अवधि में भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा, इसलिए बहनें भाई की कलाई पर राखी बांध सकती हैं।
- चौघड़िया के अनुसार सुबह के समय भी अलग-अलग शुभ अवधि बताई गई है। उपलब्ध पंचांग गणना के अनुसार सुबह 5.57 से 7.33 बजे तक चर-सामान्य, 7.33 से 9.10 बजे तक लाभ-उन्नति और 9.10 से 10.46 बजे तक अमृत-सर्वोत्तम समय बताया गया है। हालांकि पूर्णिमा तिथि 9.48 बजे समाप्त हो रही है, इसलिए रक्षाबंधन संस्कार के लिए 9.48 बजे तक का समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

### कैसे करें राखी का पूजन

रक्षाबंधन के दिन बहन स्नान आदि से निवृत्त होकर पूजा की थाली तैयार करती है। थाली में रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई, राखी और आरती की सामग्री रखी जाती है। भाई को आसन पर बैठाकर पहले तिलक लगाया जाता है, फिर अक्षत लगाकर आरती की जाती है और अंत में दाहिनी कलाई पर राखी बांधी जाती है। इसके बाद भाई बहन को अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार देकर उसकी रक्षा और सम्मान का संकल्प लेता है।

नागपंचमी और सवारी मार्ग पर

# 350 सफाई मित्र रहे तैनात सवारी के बाद मात्र आधे घंटे में साफ किया मार्ग



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागपंचमी पर नागचंद्रेश्वर के दर्शन करने और महाकाल सवारी में शामिल होने सोमवार को लाखों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। दोनों मौके पर नगर निगम ने सुगम और सुरक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर दर्शन व्यवस्था शुरू होते ही पूरा प्रशासनिक अमला मैदान में सक्रिय रहा।

रविवार मध्यरात्रि 12 बजे दर्शन प्रारंभ होने के साथ ही कर्कराज मंदिर पार्किंग, त्रिवेणी संग्रहालय, जयसिंहपुरा, हरसिद्धि पाल, रामघाट, कार्तिक चौक और गोपाल मंदिर जैसे प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया गया। तीन शिफ्टों में तैनात 350 से अधिक सफाई मित्रों ने कचरे का त्वरित उठाव कर स्वच्छता का संदेश दिया। आईईसी एजेंसी की टीमों ने भी श्रद्धालुओं को डस्टबिन का उपयोग करने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने और आवारा मवेशियों पर नियंत्रण की कार्रवाई भी लगातार जारी रही। 8 हेल्प डेस्क से तुरंत राहत श्रद्धालुओं की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए शहर में 8 सहायक नियंत्रण कक्ष (हेल्प डेस्क) बनाए गए थे। शिफ्ट वार तैनात कर्मचारियों ने बाहरी जिलों और राज्यों से आए दर्शनार्थियों को सुलभ दर्शन, पार्किंग और मार्गों की सटीक जानकारी दी, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत हुई।

जीआरपी आरक्षक की तत्परता से बची जान

# चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही महिला गिरी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय महिला यात्री के गिरने का एक ओर मामला सामने आया है। गनीमत रही कि मौके पर जीआरपी आरक्षक मौजूद था, जिसने तत्परता दिखाते हुये आरपीएफ जवान और यात्रियों की मदद से महिला यात्री की जान बचा ली।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि घटनाक्रम रविवार का है। प्लेटफार्म नम्बर 1 पर बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस आई थी। जिसके रवाना होते ही एक महिला यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पैर फिसलने से गिर गई। उसी दौरान ड्युटी पर तैनात आरक्षक दिलीप लोधी ने तत्परता दिखाई और आरपीएफ एएसआई शिवसिंह बघेल के साथ महिला यात्री को प्लेटफार्म और रेलवे ट्रेक पर जाने से बचा लिया। दोनों ने कुछ यात्रियों की मदद से महिला को बाहर खींचा और सुरक्षित बचा लिया। महिला यात्री उत्तरप्रदेश के मथुरा की रहने वाली कमला पति लक्ष्मण सैनी 68 साल सामने आई। कुछ देर बाद महिला यात्री का पुत्र राजकुमार वहां आ गया, उसने बताया कि वह टिकीट लेने गया था। वापस लौटा तो पता चला कि कोई महिला यात्री ट्रेन में चढ़ते वक्त गिरने से बची है। जिसे देखने आया तो माता जी सामने आई। जीआरपी थाना प्रभारी के अनुसार आरक्षक दिलीप लोधी की कर्तव्यनिष्ठा और तत्परता को देखते हुये जीवन रक्षा के सहासिक कार्य के लिये उचित स्तर पर सम्मानित किये जाने की अनुशंसा वरिष्ठ अधिकारियों से की जायेगी।



### 15 अगस्त पर भी हुआ था हादसा

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को भी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर रात 10.30 बजे सूबेदारगंज स्पेशन ट्रेन में चलते समय चढ़ने का प्रयास कर रही महिला यात्री पैर फिसलने पर गिर गई थी। उस दौरान आरपीएफ आरक्षक अरविंद कुमार ने दौड़कर महिला यात्री को बचाने में अपनी भूमिका निभाई थी। उक्त महिला यात्री उर्मिला देवी पति श्रवण कुमार 35 साल निवासी प्रयागराज उत्तरप्रदेश होना सामने आई थी। जिसने जान बचाने वाले आरक्षक का आभार माना था। 2 दिन में हुई दो घटना प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

# पुत्र को देखने अस्पताल आये पिता की बाइक चोरी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दुर्घटना में घायल पुत्र को देखने अस्पताल आये पिता की बाइक बदमाशों ने चोरी कर ली। अस्पताल परिसर गेट से बाइक चोरी होने पर मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई है।

माकडोन के ग्राम उमरिया रोड झुमकी में रहने वाले ईश्वर प्रजापत के पुत्र विशाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल तेजनकर में भर्ती कराया गया है। रविवार दोपहर ईश्वर अपने पुत्र को देखने बाइक क्रमांक एमपी 70 एमई 6066 से आया था। उसने बाइक अस्पताल परिसर के गेट पर खड़ी की। करीब डेढ़ घंटे बाद वापस आया तो बाइक दिखाई नहीं दी। आसपास सभी जगह तलाश करने पर बदमाशों द्वारा चोरी की जाने सामने आने पर नीलगंगा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। बताया जा रहा है कि इससे पहले अस्पताल परिसर के गेट से रवि पिता महेन्द्र लिम्बावत निवासी पाटीदार ब्रिज के पास फ्रीगंज की बाइक बदमाश चुराकर ले गये थे। यहीं नहीं 2 दिन पहले अस्पताल से कुछ दूरी पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक परिसर से जसमीतसिंह छाबड़ा की बाइक बदमाशों ने चोरी कर ली थी। एक सप्ताह में 3 बाइक चोरी होना सामने आ चुका है। पुलिस की माने तो अस्पताल के आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है। जिसके चलते बाइक चोरी करने वालो का सुराग नहीं मिल पा रहा है। संभावना है कि तीनों बाइक एक ही गिरोह के बदमाशों ने चुराई है। पुलिस आसपास क्षेत्रों में लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# रात 12 बजे 364 दिन के लिये बंद हुये नागचंद्रेश्वर के पट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागपंचमी पर वर्ष में एक बार 24 घंटे के लिये खुलने वाले भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट सोमवार रात 12 बजे 364 दिन के लिये पुनः बंद कर दिये गये। मंदिर के पट बंद होने से पहले लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे।

12 ज्योतिर्लिंगों में विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर देश का एकमात्र ऐसा नागचंद्रेश्वर मंदिर है, जिसे वर्ष में एक बार नागपंचमी के दिन 24 घंटे के लिये खोला जाता है। मंदिर में 11 वीं शताब्दी की अद्भुत प्रतिमा है, जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय शेषनाग के फन पर विराजमान है। रविवार रात 12 बजे त्रिकाल पूजा के साथ मंदिर के पट खोले गये थे। जिसके बाद आम श्रद्धालुओं को दर्शन प्रवेश दिया गया था, सोमवार दिनभर दर्शनों का क्रम बना रहा। रात 12 बजे मंदिर के पट बंद होने का समय करीब आते ही विशेष पूजा अर्चना की तैयारी शुरू कर दी गई थी। श्रद्धालुओं की दर्शन संख्या को भी सीमित किया जाने लगा था। 12 बजते ही पूजा अर्चना की शुरूआत की गई और 364 दिनों के लिये मंदिर के पट पुनः बंद कर दिये गये। बताया जा रहा है कि 24 घंटे में 11 लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर चुके थे।

# नागपंचमी पर सुरक्षा में तैनात वर्दी की दिखाई दी हमदर्दी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागपंचमी पर लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात वर्दी की हमदर्दी और मानवता भी सामने आई। जहां एक दिव्यांग को गोद में उठाकर दर्शन कराये गये, वहीं निगमकर्मी के सीने में दर्द होने पर तत्काल भीड़ के बीच से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। यहीं नहीं श्रद्धालुओं को भूख लगाने पर एसपी ने खाना मंगवाया और खुद भी साथ बैठकर खाया।

धार्मिक नगरी में नागपंचमी के साथ सावन माह का सोमवार होने पर शाम को निकली बाबा महाकाल की तीसरी सवारी में सुरक्षा व्यवस्था के लिये 36 घंटे के लिये 24 सौ से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। तैनाती से पहले ही एसपी प्रदीप शर्मा ने सभी को कर्तव्य निष्ठा के साथ श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके इसके निर्देश जारी किये थे। खुद एसपी भी व्यवस्था में लगातार मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिये भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस की मानवीयता चेहरा उस वक्त सामने आया जब ड्युटी पर तैनात नगर निगम कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ गई और सीने में दर्द होने लगा। पुलिसकर्मियों ने तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई और भीड़ को हटाते हुये एम्बुलेंस को अस्पताल तक पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से निगमकर्मी को स्वास्थ्य लाभ मिल सका। यहीं नहीं महाकाल मंदिर के शिखर पर बने नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन की कतार में दिव्यांग को देख एसआई चंद्रभानसिंह ने देखा तो तत्काल उसे श्रद्धुलओं की कतार से गोद में उठा लिया और नागचंद्रेश्वर मंदिर तक लेकर पहुंचे। दिव्यांग श्रद्धालु को दर्शन करने के बाद उसे ऊपरी तल से नीचे उतारा। इस बीच एसपी खुद श्रद्धालुओं से चर्चा कर व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। उन्होने कुछ श्रद्धालुओं से बातचीत की तो उन्होने बातों-बातों में भूख लगने की बात कहीं। एसपी ने तत्काल श्रद्धालुओं के लिये भोजन की व्यवस्था कराई और खुद उनके साथ मंदिर परिसर में जमीन पर बैठ भोजन किया। लगातार ड्युटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने कई श्रद्धालुओं को भीड़ के बीच से सुरक्षित निकालने में मदद की मानवीयता का परिचय दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं का कहा कि दर्शन में समय लगा लेकिन व्यवस्था अच्छी होने आसानी से दर्शन हो सके।




3 महिलाओं को बनाया था निशाना, उज्जैन की 2 वारदातों का खुलासा

# इंदौरी बदमाशों ने झपटी थी देवास-उज्जैन में चेन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

फव्वारा चौक पर 12 दिन पहले हुई चेन स्नेचिंग की वारदात में इंदौर के बदमाश शामिल होना सामने आये है। बदमाशों ने चंद घंटो में देवास-उज्जैन में 3 वारदात को अंजाम दिया था। देवास पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर 3 स्नेचिंग का खुलासा किया है।

डाबरी पीठा में रहने वाले मुकेश नीमा फव्वारा चौक पर ड्रायफ्रूट की दुकान संचालित करते है। 5 अगस्त की रात वह पत्नी मनीषा के साथ पैदल टहलने निकले थे, उसी दौरान रात 11 बजे के लगभग बाइक सवार 2 बदमाशों ने फव्वारा चौक पर उनकी पत्नी के गले से ढाई तोला वजनी चेन झपट ली थी। बदमाश वारदात के बाद भाग निकले थे। कोतवाली थाना पुलिस सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों का पता लगाने में जुटी थी। 11 दिन बाद देवास सिविल लाइन पुलिस ने 5 अगस्त को उनके थाना क्षेत्र में हुई संतोषबाई पति सतीश सोनी 52 साल के साथ हुई मंगलसूत्र स्नेचिंग में शामिल इंदौर के रहने वाले 2 बदमाशों मोहम्मद जाबीर हुसैन उर्फ सत्तारिया उर्फ अठारिया पिता जाकीर 28 साल और रेहान पिता हनीफ शेख 20 साल को गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों से पूछताछ में देवास पुलिस के सामने आया कि देवास में वारदात करने के बाद उज्जैन गये थे, जहां उन्होने कोठीरोड पर दूसरी वारदात को अंजाम दिया और फिर फव्वारा चौक पर तीसरी वारदात करने के बाद इंदौर भाग निकले थे। देवास सिविल लाइन थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि बदमाशों को रिमांड पर लेने के बाद तीनों वारदातों में शामिल मंगलसूत्र और 2 चेन के साथ वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है। उज्जैन पुलिस को वारदातों का खुलासा होने की सूचना दी गई है। कोतवाली और माधवनगर थाना पुलिस बदमाशों को पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर जायेगी।



### एक बदमाश पर इंदौर में दर्ज 13 मामले

देवास पुलिस के खुलासे में सामने आया कि स्नेचिंग की वारदात में शामिल बदमाश मोहम्मद जाबीर हुसैन आदतन बदमाश है, उसके खिलाफ इंदौर में अलग-अलग थानों में 13 मामले दर्ज है। वह 2014 से वारदातों में शामिल है। पूर्व में भी स्नेचिंग और लूट की आधा दर्जन वारदातें कर चुका है। मारपीट, हफ्ता वसूली और आर्म्स एक्ट के प्रकरण भी दर्ज है। उसका साथी रेहान शेख मूलरूप से बुरहानपुर का रहने वाला है, लेकिन काफी समय से इंदौर में किराये का मकान लेकर रह रहा है।

### रात में महिलाओं को बनाते है निशाना

बताया जा रहा है कि बदमाश मोहम्मद जाबीर अपने अलग-अलग साथियों के साथ मिलकर चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देता है। वह रात के समय बाइक से निकलता है और सूनसान रास्तों पर महिलाओं को अकेला पाकर उनके गले से चेन-मंगलसूत्र झपट लेता है। देवास से उज्जैन के बीच करीब 3 घंटे में 3 वारदातों को अंजाम दिया था। बदमाशों की निशानदेही पर बरामद मंगलसूत्र और दो चेन 3 लाख कीमत की होना पाई गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com